**Series JBB/1**

**SET-1**

कोड नं.
Code No. **3/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिंदी (अ)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िये और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र चार खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *खंड क में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं।*

*(iii)* *खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक प्रश्न व्याकरण के हैं।*

*(iv)* *खंड ग में प्रश्न संख्या 6 से 10 तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं।*

*(v)* *खंड घ में प्रश्न संख्या 11 से 13 तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।*

*(vii)* उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द-सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि एक-एक अंक वाले 4 प्रश्नों में, दो-दो अंकों वाले 5 प्रश्नों में, तीन अंक वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए।

*(ix)* इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

## खंड – क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है, आत्मनिर्भरता तथा सबसे बड़ा अवगुण है, स्वावलंबन का अभाव। स्वावलंबन सबके लिए अनिवार्य है। जीवन के मार्ग में अनेक बाधाएँ आती हैं। यदि उनके कारण हम निराश हो जाएँ, संघर्ष से जी चुराएँ या मेहनत से दूर रहें तो भला हम जीवन में सफल कैसे होंगे? अत: आवश्यक है कि हम स्वावलंबी बनें तथा अपने आत्मविश्वास को जाग्रत करके मजबूत बनें। यदि व्यक्ति स्वयं में आत्मविश्वास जाग्रत कर ले तो दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे वह न कर सके। स्वयं में विश्वास करने वाला व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में कामयाब होता जाता है। सफलता स्वावलंबी मनुष्य के पैर छूती है। आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता से आत्मबल मिलता है जिससे आत्मा का विकास होता है तथा मनुष्य श्रेष्ठ कार्यों की ओर प्रवृत्त होता है। स्वावलंबन मानव में गुणों की प्रतिष्ठा करता है। आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। स्वावलंबन व्यक्ति, राष्ट्र तथा मानव मात्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है।

(क) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों? 2

(ख) आत्मविश्वास क्यों आवश्यक है और कैसे जाग्रत हो सकता है? 2

(ग) स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है और क्यों? 2

(घ) स्वावलंबन का अभाव मनुष्य का सबसे बड़ा अवगुण क्यों है? 2

(ङ) 'आत्मबल' के लिए क्या आवश्यक है? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खंड – ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए– 1×4=4

(क) पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्‌भुत परंपरा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए– 1×4=4

(क) नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ। (भाववाच्य में बदलिए)

(ग) परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कहा कि खीरा लज़ीज होता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए– 1×4=4

(क) आजकल <u>प्रदूषण</u> तेजी से फैल रहा है।

(ख) वक्त काटने के लिए खीरे <u>खरीदे होंगे</u>।

(ग) नवाब साहब <u>थककर</u> लेट गए।

(घ) मेदा भी <u>मेरा</u> कमज़ोर है।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए- 1×4=4

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए-

उस काल मारे क्रोध के, तनु काँपने उनका लगा।

मानो हवा के ज़ोर-से, सोता हुआ सागर जगा।

(ख) 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए।

(ग) 'शांत रस' का स्थायी भाव क्या है ?

(घ) उद्दीपन से आप क्या समझते हैं?

(ङ) स्थायी भाव से क्या अभिप्राय है?

## खंड – ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×3=6

पानवाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने-भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए – काँचवाला – यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते-बनाते 'कुछ और बारीकी' के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़.....!

(क) पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी और क्यों?

(ख) हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?

(ग) हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने की क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त कीं?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - 2×4=8

(क) बालगोबिन भगत के गीतों का खेतों में काम करते हुए और आते-जाते नर-नारियों पर क्या प्रभाव पड़ता था?

(ख) 'लखनवी अंदाज़' रचना में नवाब साहब की सनक को आप कहाँ तक उचित ठहराएँगे? क्यों?

(ग) फ़ादर बुल्के ने भारत में रहते हुए हिंदी के उत्थान के लिए क्या कार्य किए?

(घ) 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?

8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2×3=6

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।।

(क) 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।' में निहित व्यंग्य को समझाइए।

(ख) श्रीकृष्ण द्वारा चुराए गए मन को वापस माँगने में निहित गोपियों की मनोव्यथा को स्पष्ट कीजिए।

(ग) गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है? उन्होंने 'राजधर्म' का उल्लेख क्यों किया है?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए – 2×4=8

(क) 'अट नहीं रही है' कविता में 'उड़ने को नभ में तुम पर–पर कर देते हो' के आलोक में बताइए कि फागुन लोगों के मन को किस तरह प्रभावित करता है?

(ख) शिशु के धूलि–धूसरित शरीर को देखकर कवि नागार्जुन ने क्या कल्पना की?

(ग) प्रभुता की कामना को मृगतृष्णा क्यों कहा गया है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?

(ङ) परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– 3×2=6

(क) 'बच्चे रोना–धोना, पीड़ा, आपसी झगड़े ज्यादा देर तक अपने साथ नहीं रख सकते हैं।' 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट की टूटी नाक लगाने के क्रम में पुरातत्व विभाग की फाइलों की छानबीन की ज़रूरत क्यों आ गई? क्या उससे समाधान संभव था? क्यों?

(ग) यात्राएँ विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होने का अच्छा माध्यम हैं। 'साना–साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तान्त के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

## खंड – घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

(क) महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती

- मनाने के उद्देश्य
- गांधीजी का जीवन
- आज़ादी के आंदोलन में भूमिका
- प्रासंगिकता

(ख) महानगरीय भीड़भाड़ और मेट्रो

- यातायात और भीड़भाड़
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

(ग) ग्लोबल वार्मिंग और जन–जीवन

- ग्लोबल वार्मिंग का अभिप्राय
- ग्लोबल वार्मिंग के कारण
- ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ
- बचाव के उपाय

**12.** सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को 80–100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

आपके छोटे भाई/बहन ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।

**13.** नगर में आयोजित होने वाली भारत की सांस्कृतिक एकता प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से 25–50 शब्दों में लिखिए।

Series JBB/1

SET-2

कोड नं.
Code No. **3/1/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिंदी (अ)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िये और उनका अनुपालन कीजिए :*

(i) *प्रश्न-पत्र चार खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ।*
*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *खंड क में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं।*

(iii) *खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक प्रश्न व्याकरण के हैं।*

(iv) *खंड ग में प्रश्न संख्या 6 से 10 तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं।*

(v) *खंड घ में प्रश्न संख्या 11 से 13 तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं।*

(vi) *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द-सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि एक-एक अंक वाले 4 प्रश्नों में, दो-दो अंकों वाले 5 प्रश्नों में, तीन अंक वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए।*

(ix) *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

## खंड – क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है, आत्मनिर्भरता तथा सबसे बड़ा अवगुण है, स्वावलंबन का अभाव। स्वावलंबन सबके लिए अनिवार्य है। जीवन के मार्ग में अनेक बाधाएँ आती हैं। यदि उनके कारण हम निराश हो जाएँ, संघर्ष से जी चुराएँ या मेहनत से दूर रहें तो भला हम जीवन में सफल कैसे होंगे ? अत: आवश्यक है कि हम स्वावलंबी बनें तथा अपने आत्मविश्वास को जाग्रत करके मजबूत बनें। यदि व्यक्ति स्वयं में आत्मविश्वास जाग्रत कर ले तो दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे वह न कर सके। स्वयं में विश्वास करने वाला व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में कामयाब होता जाता है। सफलता स्वावलंबी मनुष्य के पैर छूती है। आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता से आत्मबल मिलता है जिससे आत्मा का विकास होता है तथा मनुष्य श्रेष्ठ कार्यों की ओर प्रवृत्त होता है। स्वावलंबन मानव में गुणों की प्रतिष्ठा करता है। आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। स्वावलंबन व्यक्ति, राष्ट्र तथा मानव मात्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है।

(क) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों? 2

(ख) आत्मविश्वास क्यों आवश्यक है और कैसे जाग्रत हो सकता है? 2

(ग) स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है और क्यों? 2

(घ) स्वावलंबन का अभाव मनुष्य का सबसे बड़ा अवगुण क्यों है? 2

(ङ) 'आत्मबल' के लिए क्या आवश्यक है? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खंड – ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए– 1×4=4

(क) एक साल पहले बने कॉलेज में शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जो व्यक्ति साहसी हैं उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) सवार का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) केवट ने कहा कि बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए– 1×4=4

(क) किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) कितने कंबल बँटे? (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) आओ, यहाँ बैठ सकते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) सैनिकों द्वारा देश की रखवाली की जाती है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए– 1×4=4

(क) <u>सफेद</u> घोड़ा तेज भागता है।

(ख) <u>खीरा</u> लज़ीज़ होता है।

(ग) <u>यह</u> भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?

(घ) वह <u>हमेशा</u> सच बोलता है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए- 1×4=4

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए-

एक ओर अजगरहिं लखि, एक ओर मृगराय।
विकल बटोही बीच ही, पर्‌यो मूरछा खाय ।।

(ख) 'रौद्र रस' का एक उदाहरण लिखिए।

(ग) 'करुण रस' का स्थायी भाव क्या है ?

(घ) उद्दीपन से आप क्या समझते हैं?

(ङ) स्थायी भाव से क्या अभिप्राय है?

## खंड – ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -- 2×4=8

(क) बालगोबिन भगत के गीतों का खेतों में काम करते हुए और आते-जाते नर-नारियों पर क्या प्रभाव पड़ता था?

(ख) 'लखनवी अंदाज़' रचना में नवाब साहब की सनक को आप कहाँ तक उचित ठहराएँगे? क्यों ?

(ग) फ़ादर बुल्के ने भारत में रहते हुए हिंदी के उत्थान के लिए क्या कार्य किए?

(घ) 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2×3=6

पानवाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने-भर में मूर्ति बनाकर

पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए – काँचवाला – यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते-बनाते 'कुछ और बारीकी' के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़..... !

(क) पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी और क्यों?

(ख) हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?

(ग) हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने की क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त कीं?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×3=6

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।।

(क) 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।' में निहित व्यंग्य को समझाइए।

(ख) श्रीकृष्ण द्वारा चुराए गए मन को वापस माँगने में निहित गोपियों की मनोव्यथा को स्पष्ट कीजिए

(ग) गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है? उन्होंने 'राजधर्म' का उल्लेख क्यों किया है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – 2×4=8

(क) 'अट नहीं रही है' कविता में 'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' के आलोक में बताइए कि फागुन लोगों के मन को किस तरह प्रभावित करता है?

(ख) शिशु के धूलि-धूसरित शरीर को देखकर कवि नागार्जुन ने क्या कल्पना की?

(ग) प्रभुता की कामना को मृगतृष्णा क्यों कहा गया है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?

(ङ) परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 3×2=6

(क) 'बच्चे रोना-धोना, पीड़ा, आपसी झगड़े ज्यादा देर तक अपने साथ नहीं रख सकते हैं।' 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट की टूटी नाक लगाने के क्रम में पुरातत्व विभाग की फाइलों की छानबीन की ज़रूरत क्यों आ गई? क्या उससे समाधान संभव था? क्यों?

(ग) यात्राएँ विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होने का अच्छा माध्यम हैं। 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तान्त के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

## खंड – घ

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए- 10

(क) महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती

- मनाने के उद्देश्य
- गांधीजी का जीवन
- आज़ादी के आंदोलन में भूमिका
- प्रासंगिकता

(ख) महानगरीय भीड़भाड़ और मेट्रो

- यातायात और भीड़भाड़
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

(ग) ग्लोबल वार्मिंग और जन–जीवन

- ग्लोबल वार्मिंग का अभिप्राय
- ग्लोबल वार्मिंग के कारण
- ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ
- बचाव के उपाय

**12.** पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्राचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

आपकी बड़ी बहन को चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो गया है। इस सफलता के लिए बधाई–पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।

**13.** देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से लगभग 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

आपके नगर में मिठाई की एक नई दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25–50 शब्दों में तैयार कीजिए।

**Series JBB/1**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **3/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिंदी (अ)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *[ अधिकतम अंक : 80*

*सामान्य निर्देश:*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िये और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र चार खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *खंड क में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं।*

*(iii)* *खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक प्रश्न व्याकरण के हैं।*

*(iv)* *खंड ग में प्रश्न संख्या 6 से 10 तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं।*

*(v)* *खंड घ में प्रश्न संख्या 11 से 13 तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।*

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द-सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए।

(viii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि एक-एक अंक वाले 4 प्रश्नों में, दो-दो अंकों वाले 5 प्रश्नों में, तीन अंक वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए।

(ix) इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

## खंड – क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है, आत्मनिर्भरता तथा सबसे बड़ा अवगुण है, स्वावलंबन का अभाव। स्वावलंबन सबके लिए अनिवार्य है। जीवन के मार्ग में अनेक बाधाएँ आती हैं। यदि उनके कारण हम निराश हो जाएँ, संघर्ष से जी चुराएँ या मेहनत से दूर रहें तो भला हम जीवन में सफल कैसे होंगे ? अत: आवश्यक है कि हम स्वावलंबी बनें तथा अपने आत्मविश्वास को जाग्रत करके मजबूत बनें। यदि व्यक्ति स्वयं में आत्मविश्वास जाग्रत कर ले तो दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे वह न कर सके। स्वयं में विश्वास करने वाला व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में कामयाब होता जाता है। सफलता स्वावलंबी मनुष्य के पैर छूती है। आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता से आत्मबल मिलता है जिससे आत्मा का विकास होता है तथा मनुष्य श्रेष्ठ कार्यों की ओर प्रवृत्त होता है। स्वावलंबन मानव में गुणों की प्रतिष्ठा करता है। आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। स्वावलंबन व्यक्ति, राष्ट्र तथा मानव मात्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है।

(क) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों? 2

(ख) आत्मविश्वास क्यों आवश्यक है और कैसे जाग्रत हो सकता है? 2

(ग) स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है और क्यों? 2

(घ) स्वावलंबन का अभाव मनुष्य का सबसे बड़ा अवगुण क्यों है? 2

(ङ) 'आत्मबल' के लिए क्या आवश्यक है? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खंड – ख

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए– 1×4=4

(क) उसने स्टेडियम जाकर क्रिकेट मैच देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जैसे ही बच्चे को खिलौना मिला वह चुप हो गया। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) जो शांति बरसती थी वह चेहरे पर स्थिर थी। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए– 1×4=4

(क) विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) मैं दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाऊँगी। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) हर्षिता पैदल चल नहीं सकती। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) तुमसे चुप नहीं रहा जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए– 1×4=4

(क) बाग में कुछ महिलाएँ बैठी थीं।

(ख) मुझे अपनी पत्नी और पुत्र की मृत्यु याद आ रही है।

(ग) एक शर्त रखी कि मैं भारत जाऊँगा।

(घ) नहीं जानता, बस मन में यह था।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए– 1×4=4

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए–

विरह का जलजात जीवन, विरह का जलजात
वेदना में जन्म, करुणा में मिला आवास
अश्रु चुनता दिवस इसका, अश्रु गिनती रात
जीवन, विरह का जलजात।

(ख) 'वीभत्स रस' का एक उदाहरण लिखिए।

(ग) 'हास्य रस' का स्थायी भाव लिखिए।

(घ) उद्दीपन से आप क्या समझते हैं?

(ङ) स्थायी भाव से क्या अभिप्राय है?

## खंड – ग

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – 2×4=8

(क) बालगोबिन भगत के गीतों का खेतों में काम करते हुए और आते-जाते नर-नारियों पर क्या प्रभाव पड़ता था?

(ख) 'लखनवी अंदाज़' रचना में नवाब साहब की सनक को आप कहाँ तक उचित ठहराएँगे? क्यों?

(ग) फ़ादर बुल्के ने भारत में रहते हुए हिंदी के उत्थान के लिए क्या कार्य किए?

(घ) 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×3=6

पानवाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने-भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा

कैसे बनाया जाए – काँचवाला – यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते-बनाते 'कुछ और बारीकी' के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़.....!

(क) पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी और क्यों?

(ख) हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?

(ग) हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने की क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त कीं?

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – 2×4=8

(क) 'अट नहीं रही है' कविता में 'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' के आलोक में बताइए कि फागुन लोगों के मन को किस तरह प्रभावित करता है?

(ख) शिशु के धूलि-धूसरित शरीर को देखकर कवि नागार्जुन ने क्या कल्पना की?

(ग) प्रभुता की कामना को मृगतृष्णा क्यों कहा गया है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?

(ङ) परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए।

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2×3=6

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।

ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।

राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।।

(क) 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।' में निहित व्यंग्य को समझाइए।

(ख) श्रीकृष्ण द्वारा चुराए गए मन को वापस माँगने में गोपियों की कौन-सी मनोव्यथा प्रकट होती है?

(ग) गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है? उन्होंने 'राजधर्म' का उल्लेख क्यों किया है?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 3×2=6

(क) 'बच्चे रोना-धोना, पीड़ा, आपसी झगड़े ज्यादा देर तक अपने साथ नहीं रख सकते हैं।' 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट की टूटी नाक लगाने के क्रम में पुरातत्व विभाग की फाइलों की छानबीन की ज़रूरत क्यों आ गई? क्या उससे समाधान संभव था? क्यों?

(ग) यात्राएँ विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होने का अच्छा माध्यम हैं। 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तान्त के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

## खंड – घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए- 10

(क) महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती

- मनाने के उद्देश्य
- गांधीजी का जीवन
- आज़ादी के आंदोलन में भूमिका
- प्रासंगिकता

(ख) महानगरीय भीड़भाड़ और मेट्रो

- यातायात और भीड़भाड़
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

(ग) ग्लोबल वार्मिंग और जन-जीवन

- ग्लोबल वार्मिंग का अभिप्राय
- ग्लोबल वार्मिंग के कारण
- ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ
- बचाव के उपाय

**12.** यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा दो अन्य सुझाव देते हुए यातायात पुलिस आयुक्त को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

आपका छोटा भाई अनुराग परीक्षा में नकल करता पकड़ा गया, जिसके लिए उसे दंडित किया गया। उसे समझाते हुए पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।

**13.** आपके शहर में विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें देश के प्रसिद्ध हास्य कवि आमंत्रित हैं। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

रजिस्टर एवं कॉपियाँ बनाने वाली 'रचना कंपनी' के लिए उत्पाद प्रचार हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।

Series : JBB/2

SET – 1

कोड नं. 3/2/1

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii)* ***खंड–ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने-बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है । दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है । यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ-न-कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है । हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में होता है । पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे-कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है । ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है । पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने चाहिए । जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख-दुख का आदान-प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा । विश्व-बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें ।

(क) सामाजिक जीवन में पड़ोस का क्या महत्त्व है ? **2**

(ख) पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में किस तरह से है ? **2**

(ग) हमें पड़ोसी से निभाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए ? **2**

(घ) 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है ? पड़ोसी को विश्वस्त सहायक क्यों कहा गया है ? **2**

(ङ) लेखक ने विश्व-बंधुत्व की बात किस संदर्भ में की है ? **1**

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **1**

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) उसके एक इशारे पर लड़कियाँ कक्षा से बाहर निकलकर नारे लगाने लगीं।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) उन्होंने जेब से चाकू निकाला और खीरा काटने लगे। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) हालदार साहब को उधर से गुज़रते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) बालगोबिन भगत जानते थे कि अब बुढ़ापा आ गया है।

(आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(क) माँ द्वारा भिखारी को भोजन दिया गया।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) वह कालीन बुनता है।

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) आओ, अब चलते हैं।

(भाववाच्य में बदलिए)

(घ) पुलिस के द्वारा चेतावनी दी गई।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) वीरों की सदा जीत होती है ।

(ख) बच्चे की मुस्कान मनमोहक होती है ।

(ग) प्रत्येक का अपना महत्त्व होता है ।

(घ) चलते-चलते लड़खड़ाने पर सहयोगी उसे सँभालते हैं ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट जाए ।

मत झुको अनय पर, भले व्योम ही फट जाए ।

(ख) 'शृंगार रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है ?

(घ) विभाव किसे कहते हैं ?

(ङ) हास्य रस का स्थायी भाव क्या है ?

**खंड 'ग'**

6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

मुफ़स्सिल की पैसेंजर ट्रेन चल पड़ने की उतावली में फूँकार रही थी । आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं । दूर तो जाना नहीं था । भीड़ से बचकर, एकांत में नयी कहानी के संबंध में सोच सकने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देख सकने के लिए टिकट सेकंड क्लास का ही ले लिया ।

गाड़ी छूट रही थी । सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, ज़रा दौड़कर उसमें चढ़ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताज़े-चिकने खीरे तौलिए पर रख थे । डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों ।

(क) लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

(ख) लेखक ने जिस अनुमान के लिए सेकंड क्लास का टिकट खरीदा था, वह गलत कैसे निकला ?

(ग) डिब्बे में बैठे सज्जन ने लेखक के आने पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की और लेखक ने उनके व्यवहार से क्या अनुमान लगाया ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'पानवाला एक हँसमुख स्वभाव वाला व्यक्ति है, परंतु उसके हृदय में संवेदना भी है ।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ख) गर्मियों की उमस भरी शाम को भी बालगोबिन भगत किस प्रकार शीतल और मनमोहक बना देते थे ?

(ग) फ़ादर बुल्के की मृत्यु से लेखक आहत क्यों था ?

(घ) मन्नू भंडारी के पिता ने अपनी आर्थिक विवशताएँ कभी बच्चों को क्यों नहीं बताईं होंगी ?

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ जीवनभर ईश्वर से क्या माँगते रहे और क्यों ? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है ?

8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

बादल, गरजो !

घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !

ललित ललित, काले घुँघराले,

बाल कल्पना के-से पाले,

विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !

वज्र छिपा, नूतन कविता

फिर भर दो

बादल, गरजो !

(क) कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है और क्यों ?

(ख) बादलों का सौंदर्य स्पष्ट करते हुए बताइए कि उनकी तुलना किससे की गई है ।

(ग) कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) परशुराम विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत किन शब्दों में करते हैं ?

(ख) 'छाया मत छूना' कविता में 'जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ग) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में 'बाँस और बबूल' किसके प्रतीक हैं ?

(घ) 'कन्यादान' कविता में माँ की सोच परंपरागत माँ से कैसे भिन्न है ?

(ङ) संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) भोलानाथ संकट के समय में अपने पिता के पास न जाकर माता के पास क्यों जाता है ? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) इंग्लैंड की महारानी के हिंदुस्तान आगमन पर अखबार क्या-क्या छाप रहे थे और रानी के आने के दिन वे चुप क्यों रह गए ?

(ग) 'सेवन सिस्टर्स वाटर फॉल' को देख लेखिका ने अपनी भावनाओं को कैसे अभिव्यक्त किया है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) प्लास्टिक मुक्त भारत

- हानियाँ
- विकल्प क्या हो
- किए जा रहे प्रयास

(ख) आत्मविश्वास और सफलता

- आत्मविश्वास से तात्पर्य
- आत्मविश्वास सफलता के लिए क्यों आवश्यक
- अहंकार और आत्मविश्वास में अंतर

(ग) मातृभाषा के प्रति अभिरुचि

- मातृभाषा से तात्पर्य
- घटती रुचि के कारण
- रुचि कैसे बढ़े

12. स्वरचित कविता प्रकाशित करवाने के लिए अनुरोध करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

आपके मित्र के पिता सीमा पर शहीद हो गए । अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए मित्र को लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

13. टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

Series : JBB/2

SET – 2

कोड नं. **3/2/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii)* ***खंड–ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***5*** *तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***13*** *तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने-बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है । दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है । यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ-न-कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है । हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में होता है । पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे-कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है । ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है । पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने चाहिए । जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख-दुख का आदान-प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा । विश्व-बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें ।

(क) सामाजिक जीवन में पड़ोस का क्या महत्त्व है ? 2

(ख) पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में किस तरह से है ? 2

(ग) हमें पड़ोसी से निभाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए ? 2

(घ) 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है ? पड़ोसी को विश्वस्त सहायक क्यों कहा गया है ? 2

(ङ) लेखक ने विश्व-बंधुत्व की बात किस संदर्भ में की है ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) जैसे ही बत्ती हरी हुई वैसे ही सारे वाहन चल पड़े।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) वे दिल्ली में बीमार रहे और पता नहीं चला। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) वे रिश्ता बनाकर तोड़ते नहीं थे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) शकुंतला ने जो कटु वाक्य दुष्यंत को कहे, वह इस पढ़ाई का ही दुष्परिणाम था।

(आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(क) दुकानदार द्वारा उचित मूल्य लिया गया।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) महात्मा गांधी ने राष्ट्र को शांति और अहिंसा का संदेश दिया।

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) मच्छरों के कारण हम रातभर सो न सके।

(भाववाच्य में बदलिए)

(घ) गाइड द्वारा हमें सब कुछ समझा दिया गया।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) आशिमा दसवीं कक्षा में पढ़ती है ।

(ख) वाह, तुमने अच्छा काम किया ।

(ग) शिक्षक के साथ एक शिष्य भी आता है ।

(घ) तुम किस कक्षा में पढ़ते हो ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

हाथ में घाव थे चार
थी उनमें मवाद भरमार
मक्खी उन पर भिनक रही थी
कुछ पाने को टूट पड़ी थी ।
उसी हाथ से कौर उठाता
घृणा से मेरा मन भर जाता ।

(ख) 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है ?

(घ) विभाव किसे कहते हैं ?

(ङ) हास्य रस का स्थायी भाव क्या है ?

## खंड 'ग'

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) 'पानवाला एक हँसमुख स्वभाव वाला व्यक्ति है, परंतु उसके हृदय में संवेदना भी है ।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ख) गर्मियों की उमस भरी शाम को भी बालगोबिन भगत किस प्रकार शीतल और मनमोहक बना देते थे ?

(ग) फ़ादर बुल्के की मृत्यु से लेखक आहत क्यों था ?

(घ) मन्नू भंडारी के पिता ने अपनी आर्थिक विवशताएँ कभी बच्चों को क्यों नहीं बताईं होंगी ?

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ जीवनभर ईश्वर से क्या माँगते रहे और क्यों ? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है ?

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

मुफ़स्सिल की पैसेंजर ट्रेन चल पड़ने की उतावली में फूँकार रही थी । आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं । दूर तो जाना नहीं था । भीड़ से बचकर, एकांत में नयी कहानी के संबंध में सोच सकने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देख सकने के लिए टिकट सेकंड क्लास का ही ले लिया ।

गाड़ी छूट रही थी । सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, ज़रा दौड़कर उसमें चढ़ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताज़े-चिकने खीरे तौलिए पर रख थे । डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों ।

(क) लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

(ख) लेखक ने जिस अनुमान के लिए सेकंड क्लास का टिकट खरीदा था, वह गलत कैसे निकला ?

(ग) डिब्बे में बैठे सज्जन ने लेखक के आने पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की और लेखक ने उनके व्यवहार से क्या अनुमान लगाया ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) भोलानाथ संकट के समय में अपने पिता के पास न जाकर माता के पास क्यों जाता है ? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) इंग्लैंड की महारानी के हिंदुस्तान आगमन पर अखबार क्या-क्या छाप रहे थे और रानी के आने के दिन वे चुप क्यों रह गए ?

(ग) 'सेवन सिस्टर्स वाटर फॉल' को देख लेखिका ने अपनी भावनाओं को कैसे अभिव्यक्त किया है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ के आधार पर लिखिए ।

9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

बादल, गरजो !

घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !

ललित ललित, काले घुँघराले,

बाल कल्पना के-से पाले,

विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !

वज्र छिपा, नूतन कविता

फिर भर दो

बादल, गरजो !

(क) कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है और क्यों ?

(ख) बादलों का सौंदर्य स्पष्ट करते हुए बताइए कि उनकी तुलना किससे की गई है ।

(ग) कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

(क) परशुराम विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत किन शब्दों में करते हैं ?

(ख) 'छाया मत छूना' कविता में 'जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ग) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में 'बाँस और बबूल' किसके प्रतीक हैं ?

(घ) 'कन्यादान' कविता में माँ की सोच परंपरागत माँ से कैसे भिन्न है ?

(ङ) संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है ?

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) प्लास्टिक मुक्त भारत

- हानियाँ
- विकल्प क्या हो
- किए जा रहे प्रयास

(ख) आत्मविश्वास और सफलता

- आत्मविश्वास से तात्पर्य
- आत्मविश्वास सफलता के लिए क्यों आवश्यक
- अहंकार और आत्मविश्वास में अंतर

(ग) मातृभाषा के प्रति अभिरुचि

- मातृभाषा से तात्पर्य
- घटती रुचि के कारण
- रुचि कैसे बढ़े

12. नगर में बढ़ती भीड़-भाड़ के कारण परिवहन की जटिल समस्या के हल के लिए सड़कों को और अधिक चौड़ा किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए **5**

**अथवा**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेने तथा पुरस्कार पाने का अनुभव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए । **5**

13. आपके मुहल्ले में एक संगीत संध्या का आयोजन होने जा रहा है । इसके अधिकाधिक प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

'मोबाइल रिपेयर' नाम से सब प्रकार के मोबाइलों को ठीक करने का दावा करने वाली एक नई दुकान खुली है । इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

---

**Series : JBB/2**

**SET – 3**

कोड नं. **3/2/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(II) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **13** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii)* ***खंड–ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने-बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है । दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है । यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ-न-कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है । हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में होता है । पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे-कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों तथा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है । ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है । पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने चाहिए । जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख-दुख का आदान-प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ भावनात्मक रूप से कैसे जुड़ेगा । विश्व-बंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है, जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें ।

(क) सामाजिक जीवन में पड़ोस का क्या महत्त्व है ? 2

(ख) पड़ोसी के साथ संबंध रखना हमारे हित में किस तरह से है ? 2

(ग) हमें पड़ोसी से निभाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए ? 2

(घ) 'विश्वस्त सहायक' से क्या अभिप्राय है ? पड़ोसी को विश्वस्त सहायक क्यों कहा गया है ? 2

(ङ) लेखक ने विश्व-बंधुत्व की बात किस संदर्भ में की है ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) जादूगर का जादू देखकर दर्शक दंग रह गए । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) नवाब साहब ने तौलिया झाड़ा और सामने बिछा लिया । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) खीरे के स्वाद के आनंद में नवाब साहब की पलकें मुँद आईं । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) मैं नहीं जानता कि इस संन्यासी ने कभी क्या सोचा था । (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(क) बस की खिड़की से न झाँकें ।

(भाववाच्य में बदलिए)

(ख) धर्मगुरु ने कामिल बुल्के की बात मान ली ।

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) तुम पढ़ क्यों नहीं सकते ?

(कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) उससे उठा-बैठा नहीं जाता ।

(कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) पानवाला नया पान खा रहा था ।

(ख) यह साइकिल मेरे बड़े भाई की है ।

(ग) माँ की याद आती है ।

(घ) मधुर गान तो सदा ही सुनने को मिलते ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

हाथी जैसी देह है, गैंडे जैसी खाल
तरबूजे-सी खोपड़ी, खरबूजे से गाल ।

(ख) 'अद्‌भुत रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?

(घ) विभाव किसे कहते हैं ?

(ङ) हास्य रस का स्थायी भाव क्या है ?

## खंड 'ग'

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'पानवाला एक हँसमुख स्वभाव वाला व्यक्ति है, परंतु उसके हृदय में संवेदना भी है ।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ख) गर्मियों की उमस भरी शाम को भी बालगोबिन भगत किस प्रकार शीतल और मनमोहक बना देते थे ?

(ग) फ़ादर बुल्के की मृत्यु से लेखक आहत क्यों था ?

(घ) मन्नू भंडारी के पिता ने अपनी आर्थिक विवशताएँ कभी बच्चों को क्यों नहीं बताईं होंगी ?

(ङ) बिस्मिल्ला खाँ जीवनभर ईश्वर से क्या माँगते रहे और क्यों ? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है ?

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

मुफ़स्सिल की पैसेंजर ट्रेन चल पड़ने की उतावली में फूँकार रही थी । आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं । दूर तो जाना नहीं था । भीड़ से बचकर, एकांत में नयी कहानी के संबंध में सोच सकने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देख सकने के लिए टिकट सेकंड क्लास का ही ले लिया ।

गाड़ी छूट रही थी । सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, ज़रा दौड़कर उसमें चढ़ गए । अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था । एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे । सामने दो ताज़े-चिकने खीरे तौलिए पर रख थे । डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया । सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों ।

(क) लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

(ख) लेखक ने जिस अनुमान के लिए सेकंड क्लास का टिकट खरीदा था, वह गलत कैसे निकला ?

(ग) डिब्बे में बैठे सज्जन ने लेखक के आने पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की और लेखक ने उनके व्यवहार से क्या अनुमान लगाया ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) भोलानाथ संकट के समय में अपने पिता के पास न जाकर माता के पास क्यों जाता है ? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) इंग्लैंड की महारानी के हिंदुस्तान आगमन पर अखबार क्या-क्या छाप रहे थे और रानी के आने के दिन वे चुप क्यों रह गए ?

(ग) 'सेवन सिस्टर्स वाटर फॉल' को देख लेखिका ने अपनी भावनाओं को कैसे अभिव्यक्त किया है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ के आधार पर लिखिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) परशुराम विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत किन शब्दों में करते हैं ?

(ख) 'छाया मत छूना' कविता में 'जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(ग) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में 'बाँस और बबूल' किसके प्रतीक हैं ?

(घ) 'कन्यादान' कविता में माँ की सोच परंपरागत माँ से कैसे भिन्न है ?

(ङ) संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है ?

10. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

बादल, गरजो !
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो
बादल, गरजो !

(क) कवि बादलों से क्या आग्रह कर रहा है और क्यों ?

(ख) बादलों का सौंदर्य स्पष्ट करते हुए बताइए कि उनकी तुलना किससे की गई है ।

(ग) कवि के अनुसार नूतन कविता कैसी होनी चाहिए ?

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) प्लास्टिक मुक्त भारत

- हानियाँ
- विकल्प क्या हो
- किए जा रहे प्रयास

(ख) आत्मविश्वास और सफलता

- आत्मविश्वास से तात्पर्य
- आत्मविश्वास सफलता के लिए क्यों आवश्यक
- अहंकार और आत्मविश्वास में अंतर

(ग) मातृभाषा के प्रति अभिरुचि

- मातृभाषा से तात्पर्य
- घटती रुचि के कारण
- रुचि कैसे बढ़े

12. बिजली विभाग के अधिकारी को बिजली बिल की शिकायत करते हुए लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

आप अंतर्विद्यालयी क्रिकेट के लिए अपने विद्यालय की टीम के कप्तान चुने गए हैं । इस आशय की सूचना देते हुए अपने पिताजी को लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

13. विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

हेलमेट बनाने वाली एक कंपनी के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

**Series : JBB/3**

**SET – 1**

कोड नं. **3/3/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(II) प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **13** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i) प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) **खंड–क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii) **खंड–ख** में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv) **खंड–ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v) **खंड–घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi) यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix) इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार-स्तंभ वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता तथा उनके नैतिक मूल्य होते हैं । हमारे देश ने ही विश्व को मानवता, नैतिकता और सदाचार का पाठ पढ़ाया था । पर आज पूरे देश में चारों ओर स्वार्थ, लाभ और बेईमानी का बोलबाला है । इसी कारण आज भ्रष्टाचार रूपी रोग सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक क्षेत्रों में एक असाध्य रोग की भाँति अपनी जड़ें जमा चुका है । मर्यादा से हटकर स्वार्थपूर्ण दूषित आचरण ही भ्रष्टाचार कहलाता है । स्वार्थ लिप्सा भ्रष्टाचार की जननी है और भौतिक ऐश्वर्य इसका जनक है । आज देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । भुक्त-भोगियों का कहना है कि कोई भी विभाग इससे अछूता नहीं रहा है । भाई-भतीजावाद, मिलावट, अनुचित ढंग से मुनाफाखोरी करना, चोरबाज़ारी, सरकारी साधनों का अनुचित प्रयोग भ्रष्टाचार के प्रमुख लक्षण हैं । इसके कारण आज हमारे समाज का पतन होता जा रहा है । इसकी जड़ें हमारे देश को खोखला करती जा रही हैं । कठोर कानूनी नियंत्रण एवं सच्चरित्रता के प्रतिबद्धता द्वारा ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है ।

(क) किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार क्या होता है और क्यों ? 2

(ख) भ्रष्टाचार का क्या आशय है और उसके बढ़ने के क्या कारण हैं ? 2

(ग) भ्रष्टाचार से समाज कैसे प्रभावित है ? 2

(घ) इस समस्या का समाधान कैसे हो सकता है ? 2

(ङ) भ्रष्टाचार के माता-पिता कौन हैं ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) फिल्म शुरू होते ही दर्शक शांत हो गए । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जब मज़दूरों को बोनस नहीं मिला, तो वे हड़ताल पर चले गए । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) अच्छी कविताएँ भविष्य के लिए कुछ संदेश भी देती हैं । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा-सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं ।
(आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(क) उद्धव ने ज्ञान का उपदेश दिया ।
(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) हरे-भरे पेड़ों को नहीं काटा जा सकता ।
(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) अनुज प्रतिदिन दूसरों की मदद करता है ।
(कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) इस गंदगी में मैं नहीं रह सकता ।
(भाववाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) हम पार्क में गए परंतु वहाँ कोई बच्चा न मिला ।

(ख) हम जीवन में सोचते कुछ हैं, परंतु होता कुछ और है ।

(ग) ये बच्चे सुबह-शाम पार्क में व्यायाम करते हैं ।

(घ) कृष्ण की सुंदर आकृति सबको मोह लेती है ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : **$1 \times 4 = 4$**

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

अखिल भुवन चर अचर सब, हरि मुख में लखि मातु ।

चकित भई गद्‌गद् वचन, विकसित दृग पुलकातु ।

(ख) 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'शृंगार रस' का स्थायी भाव लिखिए ।

(घ) 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) रस की निष्पत्ति में किन तीन भावों का सहयोग होता है ?

## खंड 'ग'

6. निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 3 = 6$**

मैं नहीं जानता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोएगा । लेकिन उस क्षण रोने वालों की कमी नहीं थी । (नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है ।)

इस तरह हमारे बीच से वह चला गया जो हममें से सबसे अधिक छायादार फल–फूल गंध से भरा और सबसे अलग, सबका होकर, सबसे ऊँचाई पर, मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता खड़ा था । जिसकी स्मृति हम सबके मन में जो उनके निकट थे, किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह आजीवन बनी रहेगी । मैं उस पवित्र ज्योति की याद में श्रद्धावनत हूँ ।

(क) गद्यांश में संन्यासी किसे कहा गया है और उसकी तुलना कैसे वृक्ष से और क्यों की गई है ?

(ख) लेखक के मन में फ़ादर की स्मृति कैसी बनी रहेगी ?

(ग) 'नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है ।' ऐसा लेखक ने क्यों कहा ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) बिस्मिल्ला खाँ शहनाई का घंटों रियाज़ करते थे । इससे विद्यार्थियों को क्या सीख ग्रहण करनी चाहिए और क्यों ?

(ख) हालदार साहब द्वारा ड्राइवर को चौराहे पर न रुकने का निर्देश कब और किस विचार के कारण दिया गया था ?

(ग) मन्नू भंडारी की ऐसी कौन–सी खुशी थी जो प्रथम स्वतंत्रता दिवस की खुशी में समाकर रह गई ?

(घ) नवाब साहब द्वारा लेखक से बातचीत की उत्सुकता न दिखाने पर लेखक ने क्या किया ?

(ङ) "'बालगोबिन भगत' अपनी सब चीज़ें साहब की मानते थे", उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।

(क) माँ ने अपनी बेटी को आग के सदुपयोग की सीख कैसे और क्यों दी ?

(ख) कवि ने वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक भ्रम किसलिए कहा है ?

(ग) 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) लक्ष्मण ने अपने कुल की किस विशेषता का उल्लेख किया है ? क्यों ?

(ख) मिट्टी की उर्वरा शक्ति को कैसे बढ़ाया जा सकता है ? 'फसल' कविता के आधार पर लिखिए।

(ग) 'उत्साह' कविता में कवि ने बादल के किन रूपों की चर्चा की है ? स्पष्ट करके लिखिए।

(घ) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' पंक्ति में कवि हमें किस यथार्थ एवं सत्य से अवगत कराना चाहता है ? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।

(ङ) 'संगतकार' कविता में संगतकार को त्याग की मूर्ति कैसे कहा जा सकता है ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'माता का अंचल' पाठ के शीर्षक की सार्थकता इस पाठ की किस घटना में निहित है ?

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर उस घटनाक्रम का उल्लेख कीजिए, जिसके कारण आपाधापी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। यदि आप सर्वोच्च पद पर होते तब आप ऐसी परिस्थिति का सामना कैसे करते?

(ग) भारत का स्विट्ज़रलैंड किसे कहते हैं और क्यों ? 'साना-साना हाथ जोड़ि....' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) सिकुड़ते वन : बिगड़ता पर्यावरण

- सिकुड़ने के कारण
- पर्यावरण संतुलन के लिए वन
- समाधान

(ख) सिनेमा और युवा पीढ़ी

- मनोरंजन के साधन
- युवाओं में बढ़ता फैशन
- अपराध और अश्लीलता

(ग) नैतिक मूल्यों के उत्थान में शिक्षा की भूमिका

- शिक्षा का सही उद्‌देश्य
- शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्य
- नैतिक मूल्यों में गिरावट

12. बाढ़ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए विद्यालय के छात्रों से धन एवं कपड़े एकत्रित करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

पी.वी. सिंधू ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया । उसे एक बधाई पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए । **5**

13. आपके शहर में 'विश्व पुस्तक मेले' का आयोजन होने जा रहा है । इसके लिए एक विज्ञापन **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

'पल्स पोलियो' अभियान हेतु जागरूकता लाने के लिए एक विज्ञापन **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

---

Series : JBB/3

SET – 2

कोड नं. **3/3/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

| नोट | |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं । |
| (II) | प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें । |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **13** प्रश्न हैं । |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (V) | इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii)* ***खंड–ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार-स्तंभ वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता तथा उनके नैतिक मूल्य होते हैं । हमारे देश ने ही विश्व को मानवता, नैतिकता और सदाचार का पाठ पढ़ाया था । पर आज पूरे देश में चारों ओर स्वार्थ, लाभ और बेईमानी का बोलबाला है । इसी कारण आज भ्रष्टाचार रूपी रोग सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक क्षेत्रों में एक असाध्य रोग की भाँति अपनी जड़ें जमा चुका है । मर्यादा से हटकर स्वार्थपूर्ण दूषित आचरण ही भ्रष्टाचार कहलाता है । स्वार्थ लिप्सा भ्रष्टाचार की जननी है और भौतिक ऐश्वर्य इसका जनक है । आज देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । भुक्त-भोगियों का कहना है कि कोई भी विभाग इससे अछूता नहीं रहा है । भाई-भतीजावाद, मिलावट, अनुचित ढंग से मुनाफाखोरी करना, चोरबाज़ारी, सरकारी साधनों का अनुचित प्रयोग भ्रष्टाचार के प्रमुख लक्षण हैं । इसके कारण आज हमारे समाज का पतन होता जा रहा है । इसकी जड़ें हमारे देश को खोखला करती जा रही हैं । कठोर कानूनी नियंत्रण एवं सच्चरित्रता के प्रतिबद्धता द्वारा ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है ।

(क) किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार क्या होता है और क्यों ? 2

(ख) भ्रष्टाचार का क्या आशय है और उसके बढ़ने के क्या कारण हैं ? 2

(ग) भ्रष्टाचार से समाज कैसे प्रभावित है ? 2

(घ) इस समस्या का समाधान कैसे हो सकता है ? 2

(ङ) भ्रष्टाचार के माता–पिता कौन हैं ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) मैंने पुस्तकालय जाकर प्रेमचंद द्वारा लिखित 'गोदान' उपन्यास पढ़ा ।
(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) उसने हेलमेट नहीं लगाया था, इसलिए उसका चालान किया गया । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) एक मान्यता के अनुसार उनका जन्म मथुरा के निकट रुनकता में हुआ था ।
(मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) कभी–कभी लगता है कि वे संकल्प से संन्यासी नहीं थे ।
(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : $1 \times 4 = 4$

(क) सभी दर्शकों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की ।
(कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) कॉलेज वालों के द्वारा शीला अग्रवाल को नोटिस थमा दिया गया ।
(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) मन्नू घर की चारदीवारी के भीतर नहीं बैठ सकती थी ।
(भाववाच्य में बदलिए)

(घ) हमें असहाय और असुरक्षित बना दिया गया है ।
(कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) लक्ष्मण ने अपनी वीरता प्रदर्शित की ।

(ख) शिक्षिका प्रतिदिन समाचार–पत्र पढ़ती हैं ।

(ग) वे यहाँ नहीं रहते हैं ।

(घ) हमारे देश में अनेक प्रतापी राजा हुए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

कुत्तों को मिलता दूध, वस्त्र
पर भूखे बालक अकुलाते हैं ।
माँ की हड्डी से चिपक ठिठुर
जाड़ों की रात बिताते हैं ।

(ख) 'हास्य रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'भयानक रस' का स्थायी भाव क्या है ?

(घ) 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) रस की निष्पत्ति में किन तीन भावों का सहयोग होता है ?

## खंड 'ग'

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।

(क) माँ ने अपनी बेटी को आग के सदुपयोग की सीख कैसे और क्यों दी ?

(ख) कवि ने वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक भ्रम किसलिए कहा है ?

(ग) 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) लक्ष्मण ने अपने कुल की किस विशेषता का उल्लेख किया है ? क्यों ?

(ख) मिट्टी की उर्वरा शक्ति को कैसे बढ़ाया जा सकता है ? 'फसल' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'उत्साह' कविता में कवि ने बादल के किन रूपों की चर्चा की है ? स्पष्ट करके लिखिए ।

(घ) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' पंक्ति में कवि हमें किस यथार्थ एवं सत्य से अवगत कराना चाहता है ? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ङ) 'संगतकार' कविता में संगतकार को त्याग की मूर्ति कैसे कहा जा सकता है ?

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

मैं नहीं जानता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोएगा । लेकिन उस क्षण रोने वालों की कमी नहीं थी । (नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है ।)

इस तरह हमारे बीच से वह चला गया जो हममें से सबसे अधिक छायादार फल–फूल गंध से भरा और सबसे अलग, सबका होकर, सबसे ऊँचाई पर, मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता खड़ा था । जिसकी स्मृति हम सबके मन में जो उनके निकट थे, किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह आजीवन बनी रहेगी । मैं उस पवित्र ज्योति की याद में श्रद्धावनत हूँ ।

(क) गद्यांश में संन्यासी किसे कहा गया है और उसकी तुलना कैसे वृक्ष से और क्यों की गई है ?

(ख) लेखक के मन में फ़ादर की स्मृति कैसी बनी रहेगी ?

(ग) 'नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है ।' ऐसा लेखक ने क्यों कहा ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) बिस्मिल्ला खाँ शहनाई का घंटों रियाज़ करते थे । इससे विद्यार्थियों को क्या सीख ग्रहण करनी चाहिए और क्यों ?

(ख) हालदार साहब द्वारा ड्राइवर को चौराहे पर न रुकने का निर्देश कब और किस विचार के कारण दिया गया था ?

(ग) मन्नू भंडारी की ऐसी कौन-सी खुशी थी जो प्रथम स्वतंत्रता दिवस की खुशी में समाकर रह गई ?

(घ) नवाब साहब द्वारा लेखक से बातचीत की उत्सुकता न दिखाने पर लेखक ने क्या किया ?

(ङ) "'बालगोबिन भगत' अपनी सब चीज़ें साहब की मानते थे", उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'माता का अंचल' पाठ के शीर्षक की सार्थकता इस पाठ की किस घटना में निहित है ?

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर उस घटनाक्रम का उल्लेख कीजिए, जिसके कारण आपाधापी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी । यदि आप सर्वोच्च पद पर होते तब आप ऐसी परिस्थिति का सामना कैसे करते?

(ग) भारत का स्विट्ज़रलैंड किसे कहते हैं और क्यों ? 'साना-साना हाथ जोड़ि....' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) सिकुड़ते वन : बिगड़ता पर्यावरण

- सिकुड़ने के कारण
- पर्यावरण संतुलन के लिए वन
- समाधान

(ख) सिनेमा और युवा पीढ़ी

- मनोरंजन के साधन
- युवाओं में बढ़ता फैशन
- अपराध और अश्लीलता

(ग) नैतिक मूल्यों के उत्थान में शिक्षा की भूमिका

- शिक्षा का सही उद्देश्य
- शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्य
- नैतिक मूल्यों में गिरावट

12. प्लास्टिक की चीज़ों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **80-100** शब्दों में पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए। **5**

**अथवा**

अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए। **5**

13. कार ड्राइविंग सिखाने वाले नए स्कूल 'सार्थक कार ड्राइविंग सेंटर' के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

'गणपति पुस्तक भंडार' में पुस्तकों की बिक्री बढ़ाने हेतु एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

---

Series : JBB/3

SET – 3

कोड नं. **3/3/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

| नोट | |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं । |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं । |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खंड–क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित है ।*

*(iii)* ***खंड–ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खंड–ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्यपुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खंड–घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि एक-एक अंक वाले 1 प्रश्न में, दो-दो अंकों वाले 2 प्रश्नों में, तीन अंकों वाले 1 प्रश्न में, पाँच-पाँच अंकों वाले दोनों प्रश्नों में और दस अंक वाले 1 प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । पूछे गए प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए सही विकल्प का ध्यान रखिए ।*

*(ix)* *इनके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **10**

किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार-स्तंभ वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता तथा उनके नैतिक मूल्य होते हैं । हमारे देश ने ही विश्व को मानवता, नैतिकता और सदाचार का पाठ पढ़ाया था । पर आज पूरे देश में चारों ओर स्वार्थ, लाभ और बेईमानी का बोलबाला है । इसी कारण आज भ्रष्टाचार रूपी रोग सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक क्षेत्रों में एक असाध्य रोग की भाँति अपनी जड़ें जमा चुका है । मर्यादा से हटकर स्वार्थपूर्ण दूषित आचरण ही भ्रष्टाचार कहलाता है । स्वार्थ लिप्सा भ्रष्टाचार की जननी है और भौतिक ऐश्वर्य इसका जनक है । आज देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । भुक्त-भोगियों का कहना है कि कोई भी विभाग इससे अछूता नहीं रहा है । भाई-भतीजावाद, मिलावट, अनुचित ढंग से मुनाफाखोरी करना, चोरबाज़ारी, सरकारी साधनों का अनुचित प्रयोग भ्रष्टाचार के प्रमुख लक्षण हैं । इसके कारण आज हमारे समाज का पतन होता जा रहा है । इसकी जड़ें हमारे देश को खोखला करती जा रही हैं । कठोर कानूनी नियंत्रण एवं सच्चरित्रता के प्रतिबद्धता द्वारा ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है ।

(क) किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार क्या होता है और क्यों ? 2

(ख) भ्रष्टाचार का क्या आशय है और उसके बढ़ने के क्या कारण हैं ? 2

(ग) भ्रष्टाचार से समाज कैसे प्रभावित है ? 2

(घ) इस समस्या का समाधान कैसे हो सकता है ? 2

(ङ) भ्रष्टाचार के माता-पिता कौन हैं ? 1

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

## खंड 'ख'

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4

(क) गौरैया ने तिनका-तिनका जोड़कर घर बनाया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) हमें फिल्म देखनी थी इसलिए सिनेमाघर गए। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) झूठ बोलने वालों पर कोई विश्वास नहीं करता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) पिताजी को अहसास नहीं था कि दोनों का रास्ता टकराहट का है।
(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

3. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 1 × 4 = 4

(क) स्वाधीनता की चेतना विकसित करने के लिए स्वदेशी चिंतन को व्यापक बनाया गया।
(कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) हालदार साहब नहीं रुके।
(भाववाच्य में बदलिए)

(ग) फादर रिश्ते बनाकर तोड़ते नहीं थे।
(कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) अध्यापिका द्वारा आज हमें नया पाठ पढ़ाया गया।
(कर्तृवाच्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : 1 × 4 = 4

(क) मूर्ति के चेहरे पर चश्मा न था।

(ख) धीरे से पानवाले से पूछा।

(ग) पत्थर से पारदर्शी चश्मा कैसे बनता !

(घ) हमने उन्हें क्रोध में कभी नहीं देखा।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचानकर लिखिए :

जसोदा हरि पालने झुलावै

हलरावै, दुलराय, मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै ।

(ख) 'भयानक रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) 'वीभत्स रस' का स्थायी भाव लिखिए ।

(घ) 'निर्वेद' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) रस की निष्पत्ति में किन तीन भावों का सहयोग होता है ?

## खंड 'ग'

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

माँ ने कहा पानी में झाँककर

अपने चेहरे पर मत रीझना

आग रोटियाँ सेंकने के लिए है

जलने के लिए नहीं

वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह

बंधन हैं स्त्री जीवन के

माँ ने कहा लड़की होना

पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।

(क) माँ ने अपनी बेटी को आग के सदुपयोग की सीख कैसे और क्यों दी ?

(ख) कवि ने वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक भ्रम किसलिए कहा है ?

(ग) 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) लक्ष्मण ने अपने कुल की किस विशेषता का उल्लेख किया ? क्यों ?

(ख) मिट्टी की उर्वरा शक्ति को कैसे बढ़ाया जा सकता है ? 'फसल' कविता के आधार पर लिखिए।

(ग) 'उत्साह' कविता में कवि ने बादल के किन रूपों की चर्चा की है ? स्पष्ट करके लिखिए।

(घ) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' पंक्ति में कवि हमें किस यथार्थ एवं सत्य से अवगत कराना चाहता है ? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।

(ङ) 'संगतकार' कविता में संगतकार त्याग की मूर्ति है, कैसे ?

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

मैं नहीं जानता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोएगा। लेकिन उस क्षण रोने वालों की कमी नहीं थी। (नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है।)

इस तरह हमारे बीच से वह चला गया जो हममें से सबसे अधिक छायादार फल–फूल गंध से भरा और सबसे अलग, सबका होकर, सबसे ऊँचाई पर, मानवीय करुणा की दिव्य चमक में लहलहाता खड़ा था। जिसकी स्मृति हम सबके मन में जो उनके निकट थे, किसी यज्ञ की पवित्र आग की आँच की तरह आजीवन बनी रहेगी। मैं उस पवित्र ज्योति की याद में श्रद्धावनत हूँ।

(क) गद्यांश में संन्यासी किसे कहा गया है और उसकी तुलना कैसे वृक्ष से और क्यों की गई है ?

(ख) लेखक के मन में फ़ादर की स्मृति कैसी बनी रहेगी ?

(ग) 'नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है।' ऐसा लेखक ने क्यों कहा ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) बिस्मिल्ला खाँ शहनाई का घंटों रियाज़ करते थे । इससे विद्यार्थियों को क्या सीख ग्रहण करनी चाहिए और क्यों ?

(ख) हालदार साहब द्वारा ड्राइवर को चौराहे पर न रुकने का निर्देश कब और किस विचार के कारण दिया गया था ?

(ग) मन्नू भंडारी की ऐसी कौन-सी खुशी थी जो प्रथम स्वतंत्रता दिवस की खुशी में समाकर रह गई ?

(घ) नवाब साहब द्वारा लेखक से बातचीत की उत्सुकता न दिखाने पर लेखक ने क्या किया ?

(ङ) "'बालगोबिन भगत' अपनी सब चीज़ें साहब की मानते थे", उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(क) 'माता का अंचल' पाठ के शीर्षक की सार्थकता इस पाठ की किस घटना में निहित है ?

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर उस घटनाक्रम का उल्लेख कीजिए, जिसके कारण आपाधापी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी । यदि आप सर्वोच्च पद पर होते तब आप ऐसी परिस्थिति का सामना कैसे करते?

(ग) भारत का स्विट्ज़रलैंड किसे कहते हैं और क्यों ? 'साना-साना हाथ जोड़ि....' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खंड 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) सिकुड़ते वन : बिगड़ता पर्यावरण

- सिकुड़ने के कारण
- पर्यावरण संतुलन के लिए वन
- समाधान

(ख) सिनेमा और युवा पीढ़ी

- मनोरंजन के साधन
- युवाओं में बढ़ता फैशन
- अपराध और अश्लीलता

(ग) नैतिक मूल्यों के उत्थान में शिक्षा की भूमिका

- शिक्षा का सही उद्देश्य
- शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्य
- नैतिक मूल्यों में गिरावट

12. आपके निकट की सड़कों पर कुछ खतरनाक गति अवरोधक हैं, जिनके कारण अनेक सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं। सड़क परिवहन विभाग के अधिकारी को सुझाव देते हुए पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए। **5**

**अथवा**

नित्य प्रात:काल उठकर खुली हवा में घूमने और व्यायाम करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई/बहन को एक पत्र लगभग **80-100** शब्दों में लिखिए। **5**

13. राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

धूम्रपान को रोकने के लिए उसकी हानियाँ बताते हुए एक विज्ञापन लगभग **25-50** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**Series JBB/4**

**SET-1**

कोड नं. **3/4/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भूख से मरते बेकार लोगों का परमेश्वर तो कोई काम और उससे मिलने वाली रोटी ही है । उनके लिए परमेश्वर का यही एकमात्र स्वीकार्य रूप हो सकता है । ईश्वर ने मानव की सृष्टि काम करके अपना भोजन जुटाने के लिए की । जो काम नहीं करते वे एक प्रकार के चोर हैं । भारत में आज भी अनेक लोगों को लाचारीवश ही सही, आधे साल तक चोरों का सा जीवन बिताना पड़ता है । फिर क्या आश्चर्य यदि भारत आज एक विशाल कारागार बन गया है ? भूख ही वह कारण है जो भारत को चरखे की ओर लिए जा रहा है । चरखे की पुकार सबसे उदात्त, सबसे मीठी है । कारण, यह प्रेम की पुकार है । और प्रेम ही स्वराज है । अगर हमारे करोड़ों देशवासियों को अपने बेकार समय का उपयोग करना नहीं आता तो उनके लिए स्वराज का कोई मतलब नहीं है । इस स्वराज को थोड़े समय में प्राप्त करना संभव है और इसका एकमात्र उपाय यह है कि हम फिर से चरखे की शरण में जाएँ ।

मैं विकास चाहता हूँ, आत्म-निर्णय का अधिकार चाहता हूँ, स्वतंत्रता भी चाहता हूँ, लेकिन सब-कुछ आत्मा की ख़ातिर चाहता हूँ । मुझे तो इसमें शक है कि मानव लौह-युग में प्रस्तर युग से सचमुच आगे बढ़ा है । मैं इस ओर से उदासीन हूँ । हमें अपनी बौद्धिक शक्ति और अन्य सभी शक्तियों का उपयोग आत्मा के विकास के लिए करना है । आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न किसी व्यक्ति के बारे में मैं आसानी से सोच सकता हूँ कि वह मानव-जाति के लिए कोई स्थायी और नया आविष्कार कर सकता है, वह ईश्वर का नित नवीन गुण-गान करते हुए इस दुख-संतप्त धरित्री को शांति और सद्भावना का संदेश दे सकता है । लोगों से चरखा अपनाने के लिए कहने का मतलब है श्रम की गरिमा का स्वीकार । चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से विदेशी वस्त्रों के प्रति हमारे आकर्षण ने ही दूर किया है । इसलिए मैं विदेशी वस्त्र पहनना पाप मानता हूँ ।

(क) स्वराज प्राप्ति के लिए किसकी शरण की बात की जा रही है और क्यों ? *2*

(ख) चोर किसे कहा गया है और क्यों ? *2*

(ग) आत्मा की ख़ातिर कौन-सी चीज़ें चाहिए ? *2*

(घ) आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न व्यक्ति क्या-क्या कर सकता है ? *2*

(ङ) लेखक की दृष्टि में विशाल कारागार क्या है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) मैं तो मुग्ध था उनके मधुर गान पर – जो सदा ही सुनने को मिलता ।
(सरल वाक्य में बदलकर लिखिए)

(ख) कहा जा चुका है कि मूर्ति संगमरमर की थी ।
(आश्रित उपवाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)

(ग) मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)

(घ) मिलने आए हुए लोगों को देखकर उन्होंने स्वागत किया ।
(संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) आओ, बैठा जाए । (कर्तृवाच्य में)

(ख) हम चल नहीं सकेंगे । (भाववाच्य में)

(ग) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । (कर्मवाच्य में)

(घ) चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से दूर कर दिया गया । (कर्तृवाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) <u>मैं</u> इस ओर से उदासीन हूँ ।

(ख) मैं अर्थशास्त्र और नीतिशास्त्र में बहुत अधिक अंतर <u>नहीं</u> समझता ।

(ग) मेरे देखने के बाद <u>चोर</u> और तेज़ भागने लगा ।

(घ) भगत ने अपनी पतोहू को उसके <u>भाई के साथ</u> विदा किया ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) करुण रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :

बोले चितै परसु की ओरा । रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ।।
बालकु बोलि बधौं नहिं तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।।

(ग) 'आलंबन' किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) 'गोपियों की विरह दशा' के भाव किस रस के अंतर्गत आते हैं ?

## खण्ड ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

एक बार कॉलेज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिताजी आग-बबूला । यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर ! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया । गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे । लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई । माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना । लेकिन जब माँ ने आकर कहा कि वे तो ख़ुश ही हैं, चली चल, तो विश्वास नहीं हुआ ।

(क) 'आग-बबूला' का आशय समझाते हुए लिखिए कि पिताजी के आग-बबूला होने के क्या कारण रहे होंगे ।

(ख) पिताजी लौटकर ख़ुश क्यों थे और उन्होंने अपनी प्रसन्नता को कैसे व्यक्त किया ?

(ग) माता-पिता का ऐसा भय बच्चों के विकास के लिए अनुचित क्यों है ? तर्क सहित लिखिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) बिस्मिल्ला खाँ के उदाहरण से यह स्पष्ट कीजिए कि अपने मज़हब से सच्चा प्यार करने वाला दूसरे का भी सम्मान करता है ।

(ख) "इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आईं" – ऐसा विशेष क्या था जिससे हालदार साहब की आँखें नम हो उठी ?

(ग) नवाब साहब किस वर्ग के प्रतीक हैं ? उनके प्रति आपकी राय क्या है ? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(घ) "बालगोबिन भगत गृहस्थ जीवन में भी संन्यासी थे ।" सोदाहरण टिप्पणी कीजिए ।

(ङ) फ़ादर कामिल बुल्के की मृत्यु किस बीमारी से हुई ? लेखक को क्यों लगता है कि उनको उस बीमारी से नहीं मरना चाहिए था ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

माँ ने कहा पानी में झाँक कर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के ।

(क) काव्य-पंक्तियों में 'सयानी' और 'भोली' शब्द आए हैं । लड़की के संदर्भ में इनके अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) माँ ने लड़की को कौन-कौन सी सीख दी ? उनके पीछे क्या कारण था ?

(ग) "पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की" – लड़की के लिए यह कहने का क्या आशय है ? इन पंक्तियों से उसका कैसा चित्र उभरता है ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'संगतकार' कविता में मुख्य गायक के संदर्भ में 'नौसिखिया' का प्रयोग क्यों हुआ है ? स्पष्ट करके लिखिए ।

(ख) प्रकृति की शोभा-श्री फागुन में कैसे अपना रंग-रूप बदलती है ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए ।

(ग) "अल्पवयस बालक बुज़ुर्गों को छेड़कर आनंदित होते हैं" – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए' – में राजनीति से कृष्ण की किस नीति की ओर गोपियों ने व्यंग्य किया है और क्यों ?

(ङ) 'शेफालिका के फूल झरने' का भाव 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में ग्रामीण जीवन की झाँकी है – सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' में बाह्य जगत की यात्रा के साथ-साथ आंतरिक यात्रा का चित्र भी प्रस्तुत किया गया है, कैसे ? विवरण सहित लिखिए ।

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' लगाने के लिए मूर्तिकार द्वारा किए गए प्रयत्नों का अपने शब्दों में उल्लेख कीजिए ।

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) आधुनिक जीवन-शैली और स्वास्थ्य

- जीवन-शैली में आ रहे परिवर्तन
- स्वास्थ्य का महत्त्व
- जीवन-शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव

(ख) विकास की देन – दूषित पर्यावरण

- प्रकृति, पर्यावरण की आवश्यकता
- मनुष्य की जवाबदेही
- विकास की आधुनिक अवधारणा में पर्यावरण

(ग) 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'

- उपदेश से तात्पर्य
- उपदेश और आचरण
- उपदेश महत्त्वपूर्ण अथवा आचरण

**12.** 'स्वच्छता अभियान' के कारण लोगों के व्यवहार और मानसिकता में आए परिवर्तन पर अपने विचार प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आप व्यावसायिक विषय लेना चाहते हैं, जबकि आपके माता-पिता विज्ञान के लिए उत्सुक हैं । अपने विषय-चयन के पीछे अपनी रुचि आदि का उचित कारण बताते हुए पिता को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**13.** "प्रकृति की रक्षा से धरती और मानव-जाति की रक्षा संभव है" – इस विषय पर लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

पर्यावरण की शुद्धता के लिए सरकार की ओर से सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की अपील करते हुए लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

Series JBB/4

SET-2

कोड नं. **3/4/2**

रोल नं. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भूख से मरते बेकार लोगों का परमेश्वर तो कोई काम और उससे मिलने वाली रोटी ही है । उनके लिए परमेश्वर का यही एकमात्र स्वीकार्य रूप हो सकता है । ईश्वर ने मानव की सृष्टि काम करके अपना भोजन जुटाने के लिए की । जो काम नहीं करते वे एक प्रकार के चोर हैं । भारत में आज भी अनेक लोगों को लाचारीवश ही सही, आधे साल तक चोरों का सा जीवन बिताना पड़ता है । फिर क्या आश्चर्य यदि भारत आज एक विशाल कारागार बन गया है ? भूख ही वह कारण है जो भारत को चरखे की ओर लिए जा रहा है । चरखे की पुकार सबसे उदात्त, सबसे मीठी है । कारण, यह प्रेम की पुकार है । और प्रेम ही स्वराज है । अगर हमारे करोड़ों देशवासियों को अपने बेकार समय का उपयोग करना नहीं आता तो उनके लिए स्वराज का कोई मतलब नहीं है । इस स्वराज को थोड़े समय में प्राप्त करना संभव है और इसका एकमात्र उपाय यह है कि हम फिर से चरखे की शरण में जाएँ ।

मैं विकास चाहता हूँ, आत्म-निर्णय का अधिकार चाहता हूँ, स्वतंत्रता भी चाहता हूँ, लेकिन सब-कुछ आत्मा की ख़ातिर चाहता हूँ । मुझे तो इसमें शक है कि मानव लौह-युग में प्रस्तर युग से सचमुच आगे बढ़ा है । मैं इस ओर से उदासीन हूँ । हमें अपनी बौद्धिक शक्ति और अन्य सभी शक्तियों का उपयोग आत्मा के विकास के लिए करना है । आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न किसी व्यक्ति के बारे में मैं आसानी से सोच सकता हूँ कि वह मानव-जाति के लिए कोई स्थायी और नया आविष्कार कर सकता है, वह ईश्वर का नित नवीन गुण-गान करते हुए इस दुख-संतप्त धरित्री को शांति और सद्भावना का संदेश दे सकता है । लोगों से चरखा अपनाने के लिए कहने का मतलब है श्रम की गरिमा का स्वीकार । चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से विदेशी वस्त्रों के प्रति हमारे आकर्षण ने ही दूर किया है । इसलिए मैं विदेशी वस्त्र पहनना पाप मानता हूँ ।

(क) चोर किसे कहा गया है और क्यों ? *2*

(ख) आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न व्यक्ति क्या-क्या कर सकता है ? *2*

(ग) स्वराज प्राप्ति के लिए किसकी शरण की बात की जा रही है और क्यों ? *2*

(घ) आत्मा की ख़ातिर कौन-सी चीज़ें चाहिए ? *2*

(ङ) लेखक की दृष्टि में विशाल कारागार क्या है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) इन ख़बरों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ख) इंडिया गेट के सामने जो जॉर्ज पंचम की लाट थी, उसकी नाक ग़ायब हो गई । (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद लिखिए)

(ग) मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)

(घ) बीज इकट्ठा हो तो सूरजमुखी की खेती की जाए । (सरल वाक्य में बदलिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) आओ, बैठा जाए । (कर्तृवाच्य में)

(ख) अब चलें । (भाववाच्य में)

(ग) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । (कर्मवाच्य में)

(घ) उन्होंने हमें बुलाया । (कर्मवाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) यह कविता अच्छी है या बुरी; इससे मुझे मतलब नहीं है ।

(ख) इसी में से वह विवशता जागी ।

(ग) सहसा एक चमत्कार, सूर्य उदित हुआ ।

(घ) भगत ने अपनी पतोहू को उसके भाई के साथ विदा किया ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :

“माँ ओ’ कह कर बुला रही थी मिट्टी खाकर आई थी ।
कुछ मुँह में कुछ लिए हाथ में मुझे खिलाने आई थी ।।”

(ख) करुण रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(ग) ‘आलंबन’ को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(घ) ‘उत्साह’ किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) ‘गोपियों की विरह दशा’ के भाव किस रस के अंतर्गत आते हैं ?

**खण्ड ग**

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

एक बार कॉलेज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिताजी आग-बबूला । यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर ! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया । गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे । लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई । माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना । लेकिन जब माँ ने आकर कहा कि वे तो ख़ुश ही हैं, चली चल, तो विश्वास नहीं हुआ ।

(क) 'आग-बबूला' का आशय समझाते हुए लिखिए कि पिताजी के आग-बबूला होने के क्या कारण रहे होंगे ।

(ख) पिताजी लौटकर ख़ुश क्यों थे और उन्होंने अपनी प्रसन्नता को कैसे व्यक्त किया ?

(ग) माता-पिता का ऐसा भय बच्चों के विकास के लिए अनुचित क्यों है ? तर्क सहित लिखिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'लखनवी अंदाज़' के लेखक ने नवाब साहब के सामने बैठ आँखें क्यों चुरा लीं ?

(ख) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर धान की रोपनी के दृश्य का वर्णन कीजिए ।

(ग) 'नौबतख़ाने में इबादत' के आलोक में लिखिए कि समय के साथ काशी की संस्कृति किस प्रकार बदल गई ।

(घ) "हालदार साहब आते-जाते हुए नेताजी की मूर्ति पर चशमा देख प्रसन्न और उसे न देख दुखी होते थे पर उन्होंने स्वयं कोई कदम नहीं उठाया ।" इस कथन से आपके मन में हालदार साहब के प्रति क्या विचार उभरते हैं ? आप उनकी जगह होते तो क्या करते ?

(ङ) "नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है" – इसके माध्यम से लेखक क्या अभिव्यक्त करना चाहता है ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

माँ ने कहा पानी में झाँक कर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के ।

(क) काव्य-पंक्तियों में 'सयानी' और 'भोली' शब्द आए हैं । लड़की के संदर्भ में इनके अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) माँ ने लड़की को कौन-कौन सी सीख दी ? उनके पीछे क्या कारण था ?

(ग) "पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की" – लड़की के लिए यह कहने का क्या आशय है ? इन पंक्तियों से उसका कैसा चित्र उभरता है ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "अल्पवयस बालक बुज़ुर्गों को छेड़कर आनंदित होते हैं" – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए' – में राजनीति से कृष्ण की किस नीति की ओर गोपियों ने व्यंग्य किया है और क्यों ?

(ग) 'संगतकार' कविता में मुख्य गायक के संदर्भ में 'नौसिखिया' का प्रयोग क्यों हुआ है ? स्पष्ट करके लिखिए ।

(घ) 'शेफालिका के फूल झरने' का भाव 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) प्रकृति की शोभा-श्री फागुन में कैसे अपना रंग-रूप बदलती है ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए ।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) नई दिल्ली के कायापलट होने का क्या आशय है ? वह किस प्रकार होने लगा और उसमें कौन-सी बाधा थी ? 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) "बच्चा चाहे किसी के साथ कितना भी घुल-मिलकर रहे पर भय और दुख की घड़ी में माँ की गोद में ही सुरक्षित महसूस करता है ।" 'माता का अँचल' पाठ के संदर्भ में इस पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि' में प्रदूषण के कारण पहाड़ों पर आए किन परिवर्तनों की बात की गई है ? पहाड़ पर यात्रा के दौरान हम प्रदूषण न फैलाने में कैसे योगदान दे सकते हैं ?

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) आधुनिक जीवन-शैली और स्वास्थ्य

- जीवन-शैली में आ रहे परिवर्तन
- स्वास्थ्य का महत्त्व
- जीवन-शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव

(ख) विकास की देन – दूषित पर्यावरण

- प्रकृति, पर्यावरण की आवश्यकता
- मनुष्य की जवाबदेही
- विकास की आधुनिक अवधारणा में पर्यावरण

(ग) 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'

- उपदेश से तात्पर्य
- उपदेश और आचरण
- उपदेश महत्त्वपूर्ण अथवा आचरण

**12.** 'स्वच्छता अभियान' के कारण लोगों के व्यवहार और मानसिकता में आए परिवर्तन पर अपने विचार प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आप व्यावसायिक विषय लेना चाहते हैं, जबकि आपके माता-पिता विज्ञान के लिए उत्सुक हैं । अपने विषय-चयन के पीछे अपनी रुचि आदि का उचित कारण बताते हुए पिता को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**13.** "प्रकृति की रक्षा से धरती और मानव-जाति की रक्षा संभव है" – इस विषय पर लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

पर्यावरण की शुद्धता के लिए सरकार की ओर से सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की अपील करते हुए लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**Series JBB/4**

**SET-3**

कोड नं. **3/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) **खण्ड क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii) **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv) **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **6** से **10** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v) **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **11** से **13** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix) इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भूख से मरते बेकार लोगों का परमेश्वर तो कोई काम और उससे मिलने वाली रोटी ही है । उनके लिए परमेश्वर का यही एकमात्र स्वीकार्य रूप हो सकता है । ईश्वर ने मानव की सृष्टि काम करके अपना भोजन जुटाने के लिए की । जो काम नहीं करते वे एक प्रकार के चोर हैं । भारत में आज भी अनेक लोगों को लाचारीवश ही सही, आधे साल तक चोरों का सा जीवन बिताना पड़ता है । फिर क्या आश्चर्य यदि भारत आज एक विशाल कारागार बन गया है ? भूख ही वह कारण है जो भारत को चरखे की ओर लिए जा रहा है । चरखे की पुकार सबसे उदात्त, सबसे मीठी है । कारण, यह प्रेम की पुकार है । और प्रेम ही स्वराज है । अगर हमारे करोड़ों देशवासियों को अपने बेकार समय का उपयोग करना नहीं आता तो उनके लिए स्वराज का कोई मतलब नहीं है । इस स्वराज को थोड़े समय में प्राप्त करना संभव है और इसका एकमात्र उपाय यह है कि हम फिर से चरखे की शरण में जाएँ ।

मैं विकास चाहता हूँ, आत्म-निर्णय का अधिकार चाहता हूँ, स्वतंत्रता भी चाहता हूँ, लेकिन सब-कुछ आत्मा की ख़ातिर चाहता हूँ । मुझे तो इसमें शक है कि मानव लौह-युग में प्रस्तर युग से सचमुच आगे बढ़ा है । मैं इस ओर से उदासीन हूँ । हमें अपनी बौद्धिक शक्ति और अन्य सभी शक्तियों का उपयोग आत्मा के विकास के लिए करना है । आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न किसी व्यक्ति के बारे में मैं आसानी से सोच सकता हूँ कि वह मानव-जाति के लिए कोई स्थायी और नया आविष्कार कर सकता है, वह ईश्वर का नित नवीन गुण-गान करते हुए इस दुख-संतप्त धरित्री को शांति और सद्भावना का संदेश दे सकता है । लोगों से चरखा अपनाने के लिए कहने का मतलब है श्रम की गरिमा का स्वीकार । चरखे को उसके गौरवपूर्ण स्थान से विदेशी वस्त्रों के प्रति हमारे आकर्षण ने ही दूर किया है । इसलिए मैं विदेशी वस्त्र पहनना पाप मानता हूँ ।

(क) आत्मा की ख़ातिर कौन-सी चीज़ें चाहिए ? *2*

(ख) स्वराज प्राप्ति के लिए किसकी शरण की बात की जा रही है और क्यों ? *2*

(ग) आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्पन्न व्यक्ति क्या-क्या कर सकता है ? *2*

(घ) चोर किसे कहा गया है और क्यों ? *2*

(ङ) लेखक की दृष्टि में विशाल कारागार क्या है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) जॉर्ज पंचम की नाक की रक्षा के लिए हथियारबंद पहरेदार तैयार कर दिए गए थे । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)

(ग) जब हम लोग न मिल सके तब तिवारी जी सीधे पाठशाला में चले गए । (सरल वाक्य में बदलिए)

(घ) मुहल्ले भर के ढेर सारे लड़कों की मंडली जल्द ही जुट जाती । (वाक्य-भेद लिखिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) चलो, ज़रा घूमें । (भाववाच्य में)

(ख) आओ, बैठा जाए । (कर्तृवाच्य में)

(ग) बाबूजी से यह हाल सुना नहीं गया । (कर्तृवाच्य में)

(घ) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । (कर्मवाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) वहीं घूमते हुए एक सिक्किमी नवयुवक ने मुझे बताया ।

(ख) उसने अपने-आप ही कहानी शुरू की ।

(ग) भगत ने अपनी पतोहू को उसके भाई के साथ विदा किया ।

(घ) मूर्तिकार हार मानने वाला कलाकार नहीं था ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) करुण रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :

"यह मेरी गोदी की शोभा, सुख सुहाग की है लाली ।
शाही शान भिखारन की है, मनोकामना मतवाली ।।"

(ग) 'रस' से आप क्या समझते हैं ?

(घ) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ङ) 'गोपियों की विरह दशा' के भाव किस रस के अंतर्गत आते हैं ?

## खण्ड ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

एक बार कॉलेज से प्रिंसिपल का पत्र आया कि पिताजी आकर मिलें और बताएँ कि मेरी गतिविधियों के कारण मेरे ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए ? पत्र पढ़ते ही पिताजी आग-बबूला । यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी ... पता नहीं क्या-क्या सुनना पड़ेगा वहाँ जाकर ! चार बच्चे पहले भी पढ़े, किसी ने ये दिन नहीं दिखाया । गुस्से से भन्नाते हुए ही वे गए थे । लौटकर क्या कहर बरपा होगा, इसका अनुमान था, सो मैं पड़ोस की एक मित्र के यहाँ जाकर बैठ गई । माँ को कह दिया कि लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए, तब बुलाना । लेकिन जब माँ ने आकर कहा कि वे तो ख़ुश ही हैं, चली चल, तो विश्वास नहीं हुआ ।

(क) 'आग-बबूला' का आशय समझाते हुए लिखिए कि पिताजी के आग-बबूला होने के क्या कारण रहे होंगे ।

(ख) पिताजी लौटकर ख़ुश क्यों थे और उन्होंने अपनी प्रसन्नता को कैसे व्यक्त किया ?

(ग) माता-पिता का ऐसा भय बच्चों के विकास के लिए अनुचित क्यों है ? तर्क सहित लिखिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "सरकंडे का चश्मा, चश्मा भर नहीं था बल्कि हालदार साहब के लिए उसके कई अर्थ थे," उन अर्थों को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) फ़ादर कामिल बुल्के मन से संन्यासी नहीं थे, ऐसा कैसे कह सकते हैं ?

(ग) नवाब साहब की नवाबी प्रकृति को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि उन्होंने खीरा खाना उचित क्यों नहीं समझा ।

(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए कि भगत सच्चे कबीर पंथी थे ।

(ङ) 'नौबतख़ाने में इबादत' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई एक-दूसरे के पर्याय कैसे हैं ।

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दुख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

माँ ने कहा पानी में झाँक कर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के ।

(क) काव्य-पंक्तियों में 'सयानी' और 'भोली' शब्द आए हैं । लड़की के संदर्भ में इनके अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) माँ ने लड़की को कौन-कौन सी सीख दी ? उनके पीछे क्या कारण था ?

(ग) "पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की" – लड़की के लिए यह कहने का क्या आशय है ? इन पंक्तियों से उसका कैसा चित्र उभरता है ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "अल्पवयस बालक बुज़ुर्गों को छेड़कर आनंदित होते हैं" – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'हरि हैं राजनीति पढ़ि आए' – में राजनीति से कृष्ण की किस नीति की ओर गोपियों ने व्यंग्य किया है और क्यों ?

(ग) 'संगतकार' कविता में मुख्य गायक के संदर्भ में 'नौसिखिया' का प्रयोग क्यों हुआ है ? स्पष्ट करके लिखिए ।

(घ) 'शेफालिका के फूल झरने' का भाव 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) प्रकृति की शोभा-श्री फागुन में कैसे अपना रंग-रूप बदलती है ? 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए ।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि' की लेखिका को पहाड़ के सौंदर्य के किन दृश्यों ने चौंका दिया ? उन दृश्यों से उन्हें और क्या-क्या याद आने लगा ?

(ख) जॉर्ज पंचम की नाक लगने वाली ख़बर के दिन अख़बारों की क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों ?

(ग) 'माता का अँचल' पाठ के लेखक के बचपन की स्मृतियों से अपने बचपन की यादों की तुलना करते हुए लिखिए कि आपका बचपन भी आज कितना बदल गया है ।

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) आधुनिक जीवन-शैली और स्वास्थ्य

- जीवन-शैली में आ रहे परिवर्तन
- स्वास्थ्य का महत्त्व
- जीवन-शैली का स्वास्थ्य पर प्रभाव

(ख) विकास की देन – दूषित पर्यावरण

- प्रकृति, पर्यावरण की आवश्यकता
- मनुष्य की जवाबदेही
- विकास की आधुनिक अवधारणा में पर्यावरण

(ग) 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'

- उपदेश से तात्पर्य
- उपदेश और आचरण
- उपदेश महत्त्वपूर्ण अथवा आचरण

**12.** ‘स्वच्छता अभियान’ के कारण लोगों के व्यवहार और मानसिकता में आए परिवर्तन पर अपने विचार प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आप व्यावसायिक विषय लेना चाहते हैं, जबकि आपके माता-पिता विज्ञान के लिए उत्सुक हैं । अपने विषय-चयन के पीछे अपनी रुचि आदि का उचित कारण बताते हुए पिता को लगभग 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**13.** “प्रकृति की रक्षा से धरती और मानव-जाति की रक्षा संभव है” – इस विषय पर लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

पर्यावरण की शुद्धता के लिए सरकार की ओर से सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की अपील करते हुए लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**Series JBB/5** **SET-1**

कोड नं. **3/5/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***5*** *तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***13*** *तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लाखों वर्षों से मधुमक्खी जिस तरह छत्ता बनाती आई है वैसे ही बनाती है । उसमें फेर-बदल करना उसके लिए संभव नहीं है । छत्ता तो त्रुटिहीन बनता है लेकिन मधुमक्खी अपने अभ्यास के दायरे में आबद्ध रहती है । इस तरह सभी प्राणियों के संबंध में प्रकृति के व्यवहार में साहस का अभाव दिखाई पड़ता है । ऐसा लगता है कि प्रकृति ने उन्हें अपने आँचल में सुरक्षित रखा है, उन्हें विपत्तियों से बचाने के लिए उनकी आंतरिक गतिशीलता को ही प्रकृति ने घटा दिया है ।

लेकिन सृष्टिकर्ता ने मनुष्य की रचना करने में अद्‌भुत साहस का परिचय दिया है । उसने मानव के अंत:करण को बाधाहीन बनाया है । हालाँकि बाह्य रूप से उसे विवस्त्र, निरस्त्र और दुर्बल बनाकर उसके चित्त को स्वच्छंदता प्रदान की है । इस मुक्ति से आनंदित होकर मनुष्य कहता है – "हम असाध्य को संभव बनाएँगे ।" अर्थात् जो सदा से होता आया है और होता रहेगा, हम उससे संतुष्ट नहीं रहेंगे । जो कभी नहीं हुआ, वह हमारे द्वारा होगा । इसीलिए मनुष्य ने अपने इतिहास के प्रथम युग में जब प्रचंडकाय प्राणियों के भीषण नखदंतों का सामना किया तो उसने हिरण की तरह पलायन करना नहीं चाहा, न कछुए की तरह छिपना चाहा । उसने असाध्य लगने वाले कार्य को सिद्ध किया – पत्थरों को काटकर भीषणतर नखदंतों का निर्माण किया । प्राणियों के नखदंत की उन्नति केवल प्राकृतिक कारणों पर निर्भर होती है । लेकिन मनुष्य के ये नखदंत उसकी अपनी सृष्टि क्रिया से निर्मित थे । इसलिए आगे चलकर उसने पत्थरों को छोड़कर लोहे के हथियार बनाए । इससे यह प्रमाणित होता है कि मानवीय अंत:करण संधानशील है । उसके चारों ओर जो कुछ है उस पर ही वह आसक्त नहीं हो जाता । जो उसके हाथ में नहीं है उस पर अधिकार जमाना चाहता है । पत्थर उसके सामने रखा है पर वह उससे संतुष्ट नहीं । लोहा धरती के नीचे है, मानव उसे वहाँ से बाहर निकालता है । पत्थर को घिसकर हथियार बनाना आसान है लेकिन वह लोहे को गलाकर, साँचे में डाल ढालकर, हथौड़े से पीटकर, सब बाधाओं को पार करके, उसे अपने अधीन बनाता है । मनुष्य के अंत:करण का धर्म यही है कि वह परिश्रम से केवल सफलता ही नहीं बल्कि आनंद भी प्राप्त करता है ।

(क) मनुष्य की भीतरी और बाहरी बनावट किस प्रकार की है ? *2*

(ख) 'असाध्य को संभव' बनाने का क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

(ग) मनुष्येतर प्राणियों की रचना में 'प्रकृति के साहस का अभाव' का क्या आशय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

(घ) मनुष्य ने लोहे के हथियार पाने के लिए क्या मेहनत की और क्यों ? *2*

(ङ) परिश्रम से क्या प्राप्त होता है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) सब कुछ हो चुका था, सिर्फ़ नाक नहीं थी ।
(रचना के आधार पर वाक्य-भेद पहचानकर लिखिए)

(ख) थोड़ी देर में मिठाई की दुकान बढ़ाकर हम लोग घरौंदा बनाते थे ।
(मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए)

(ग) जब हम बनावटी चिड़ियों को चट कर जाते, तब बाबूजी खेलने के लिए ले जाते ।
(आश्रित उपवाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)

(घ) कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाज़त दे दी गई । (सरल वाक्य में बदलिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) कैप्टेन चश्मा बदल देता था । (कर्मवाच्य में)

(ख) इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाई जाती थी । (कर्तृवाच्य में)

(ग) वे आज रात यहीं ठहरेंगे । (भाववाच्य में)

(घ) अब सोया नहीं जाता । (कर्तृवाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) किसी का ताज़ा चित्र नहीं छपा था ।

(ख) तीसरी बार फिर से नया चश्मा था ।

(ग) यह सब मैंने केवल सुना ।

(घ) मान लीजिए कि पुराने जमाने में एक भी स्त्री पढ़ी-लिखी न होती ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ख) घृणा के भाव उत्पन्न करने वाले काव्य में कौन-सा रस होगा ?

(ग) 'श्रृंगार रस' के दो भेद कौन-से हैं ?

(घ) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :

वह लता वहीं की, जहाँ कली
तू खिली, स्नेह से हिली, पली
अंत भी उसी गोद में शरण
ली, मूँदे दृग वर महामरण !

(ङ) उद्दीपन किसे कहते हैं ?

## खण्ड ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

खाँ साहब को बड़ी शिद्दत से कमी खलती है । अब संगतियों के लिए गायकों के मन में कोई आदर नहीं रहा । खाँ साहब अफ़सोस जताते हैं । अब घंटों रियाज़ को कौन पूछता है ? हैरान हैं बिस्मिल्ला खाँ । कहाँ वह कजली, चैती और अदब का ज़माना ?

सचमुच हैरान करती है काशी-पक्का महाल से जैसे मलाई बरफ़ गया, संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराएँ लुप्त हो गईं । एक सच्चे सुर-साधक और सामाजिक की भाँति बिस्मिल्ला खाँ साहब को इन सबकी कमी खलती है । काशी में जिस तरह बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं, उसी तरह मुहर्रम-ताज़िया और होली-अबीर, गुलाल की गंगा-जमुनी संस्कृति भी एक-दूसरे के पूरक रहे हैं ।

(क) संगीत की कौन-सी परंपराएँ बदलते समय के अनुसार विलुप्त हो गईं ?

(ख) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ को एक-दूसरे का पूरक क्यों कहा गया है ?

(ग) 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) हालदार साहब और कैप्टेन के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ख) "पतनशील सामंती समाज झूठी शान के लिए जीता है" – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) "भगत की पुत्रवधू और भगत दोनों एक-दूसरे की हित-चिंता में ज़िद्द पर अड़े थे" – पुष्टि कीजिए ।

(घ) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर इलाहाबाद के साहित्यिक परिवेश का वर्णन कीजिए ।

(ङ) "विद्यार्थी जीवन में योग्य शिक्षक सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं" – 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !

(क) 'मृतक में जान डालने' और 'पाषाण के पिघलकर जल बनने' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अनिमेष देखने का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि छोटे बच्चे ऐसा क्यों करते हैं ।

(ग) शेफालिका के फूल झरने का क्या तात्पर्य है ? कवि बाँस या बबूल की संज्ञा किसे दे रहा है और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में संवाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच चल रहा था जबकि राम मूकदर्शी थे । राम का मौन उनके स्वभाव की कौन-सी विशेषताओं को उजागर करता है ?

(ख) 'उत्साह' कविता में कवि का कोमल हृदय और क्रांतिकारी रूप दोनों दिखते हैं, यह कैसे कहा जा सकता है ?

(ग) 'मृगतृष्णा' से आप क्या समझते हैं ? 'छाया मत छूना' में वह किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?

(घ) "'संगतकार' की मनुष्यता उसका निर्धारित कर्तव्य ही है, न कि कोई महानता" – इससे सहमत या असहमत होते हुए तर्क सहित अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ङ) गोपियों के माध्यम से सूरदास ने निर्गुण भक्ति पर कृष्ण-भक्ति को बेहतर साबित किया है – इस पर टिप्पणी कीजिए ।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित खेलों से आज के खेल कितने अलग हैं, इसका तुलनात्मक वर्णन कीजिए ।

(ख) पहाड़ी लोगों का जीवन मैदानी जीवन से अधिक संघर्षपूर्ण होता है । 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) "'जॉर्ज पंचम की नाक' में मूर्तिकार एक अवसरवादी व्यक्ति है जो सबको मूर्ख बनाकर अपना उल्लू साध रहा है ।" तर्क सहित पुष्टि कीजिए ।

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) विद्यालयों की ज़िम्मेदारी – बेहतर नागरिक-बोध

- व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय का स्थान
- राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व
- नागरिक अधिकारों-कर्तव्यों का बोध

(ख) सोशल मीडिया और किशोर

- सोशल मीडिया : तात्पर्य और विभिन्न प्रकार
- किशोरों के आकर्षण-बिंदु
- वर्तमान समय में सोशल मीडिया का प्रचलन और प्रभाव

(ग) यात्राएँ : अनुभव के नए क्षितिज

- यात्रा : क्या, क्यों, कैसे ?
- यात्राओं से अनुभवों की व्यापकता
- यात्राओं का सभ्यता के विकास में योगदान

**12.** आप एक रिश्तेदार को देखने किसी अस्पताल में गए और वहाँ रख-रखाव और सफ़ाई में बहुत सारी कमियाँ दिखीं । ध्यान दिलाने पर कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया । इसकी शिकायत मुख्य-चिकित्सा अधिकारी से करते हुए उचित कार्रवाई करने की माँग करते हुए 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए । *5*

**अथवा**

किसी मुद्दे पर आपका अपने मित्र से मतभेद हो गया है । उसे 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह मित्रता आपके लिए क्या महत्त्व रखती है । *5*

**13.** सर्व शिक्षा अभियान के तहत 'वयस्क साक्षरता मिशन 2020' के लिए एक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आपकी पुरानी साइकिल अब आपके लिए छोटी पड़ रही है । उसे बेचने के लिए कोई आकर्षक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

कोड नं. **3/5/2**

रोल नं. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***5*** *तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***13*** *तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लाखों वर्षों से मधुमक्खी जिस तरह छत्ता बनाती आई है वैसे ही बनाती है । उसमें फेर-बदल करना उसके लिए संभव नहीं है । छत्ता तो त्रुटिहीन बनता है लेकिन मधुमक्खी अपने अभ्यास के दायरे में आबद्ध रहती है । इस तरह सभी प्राणियों के संबंध में प्रकृति के व्यवहार में साहस का अभाव दिखाई पड़ता है । ऐसा लगता है कि प्रकृति ने उन्हें अपने आँचल में सुरक्षित रखा है, उन्हें विपत्तियों से बचाने के लिए उनकी आंतरिक गतिशीलता को ही प्रकृति ने घटा दिया है ।

लेकिन सृष्टिकर्ता ने मनुष्य की रचना करने में अद्‌भुत साहस का परिचय दिया है । उसने मानव के अंत:करण को बाधाहीन बनाया है । हालाँकि बाह्य रूप से उसे विवस्त्र, निरस्त्र और दुर्बल बनाकर उसके चित्त को स्वच्छंदता प्रदान की है । इस मुक्ति से आनंदित होकर मनुष्य कहता है – “हम असाध्य को संभव बनाएँगे ।” अर्थात् जो सदा से होता आया है और होता रहेगा, हम उससे संतुष्ट नहीं रहेंगे । जो कभी नहीं हुआ, वह हमारे द्वारा होगा । इसीलिए मनुष्य ने अपने इतिहास के प्रथम युग में जब प्रचंडकाय प्राणियों के भीषण नखदंतों का सामना किया तो उसने हिरण की तरह पलायन करना नहीं चाहा, न कछुए की तरह छिपना चाहा । उसने असाध्य लगने वाले कार्य को सिद्ध किया – पत्थरों को काटकर भीषणतर नखदंतों का निर्माण किया । प्राणियों के नखदंत की उन्नति केवल प्राकृतिक कारणों पर निर्भर होती है । लेकिन मनुष्य के ये नखदंत उसकी अपनी सृष्टि क्रिया से निर्मित थे । इसलिए आगे चलकर उसने पत्थरों को छोड़कर लोहे के हथियार बनाए । इससे यह प्रमाणित होता है कि मानवीय अंत:करण संधानशील है । उसके चारों ओर जो कुछ है उस पर ही वह आसक्त नहीं हो जाता । जो उसके हाथ में नहीं है उस पर अधिकार जमाना चाहता है । पत्थर उसके सामने रखा है पर वह उससे संतुष्ट नहीं । लोहा धरती के नीचे है, मानव उसे वहाँ से बाहर निकालता है । पत्थर को घिसकर हथियार बनाना आसान है लेकिन वह लोहे को गलाकर, साँचे में डाल ढालकर, हथौड़े से पीटकर, सब बाधाओं को पार करके, उसे अपने अधीन बनाता है । मनुष्य के अंत:करण का धर्म यही है कि वह परिश्रम से केवल सफलता ही नहीं बल्कि आनंद भी प्राप्त करता है ।

(क) ‘असाध्य को संभव’ बनाने का क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) मनुष्य ने लोहे के हथियार पाने के लिए क्या मेहनत की और क्यों ? *2*

(ग) मनुष्य की भीतरी और बाहरी बनावट किस प्रकार की है ? *2*

(घ) मनुष्येतर प्राणियों की रचना में ‘प्रकृति के साहस का अभाव’ का क्या आशय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

(ङ) परिश्रम से क्या प्राप्त होता है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) बालगोबिन भगत का यह संगीत है । (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

(ख) जब पान के पैसे चुका कर जीप में आ बैठे, तब रवाना हो गए ।
(आश्रित उपवाक्य पहचानकर लिखिए और उसका भेद भी लिखिए)

(ग) थोड़ी देर में मिठाई की दुकान बढ़ाकर हम लोग घरौंदा बनाते थे ।
(मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए)

(घ) फ़सल को एक जगह रखते और उसे पैरों से रौंद डालते । (सरल वाक्य में बदलिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाई जाती थी । (कर्तृवाच्य में)

(ख) पतोहू ने आग दी । (कर्मवाच्य में)

(ग) अब सोया नहीं जाता । (कर्तृवाच्य में)

(घ) वह खेलेगा । (भाववाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) <u>भोलानाथ</u> बाकी सभी लड़कों के साथ खेलने लगा ।

(ख) लेकिन आदत से मजबूर आँखें <u>मूर्ति</u> की तरफ़ उठ गईं ।

(ग) यह सब मैंने केवल <u>सुना</u> ।

(घ) <u>जल्दी</u> चलो, ट्रेन आने ही वाली है ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में रस पहचानकर रस का नाम लिखिए :

"यह मुरझाया हुआ फूल है, इसका हृदय दुखाना मत ।
स्वयं बिखरने वाली इसकी, पंखुड़ियाँ बिखराना मत ।।"

(ग) 'शृंगार रस' के दो भेद कौन-से हैं ?

(घ) भयानक रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ङ) उद्दीपन किसे कहते हैं ?

## खण्ड ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

खाँ साहब को बड़ी शिद्दत से कमी खलती है । अब संगतियों के लिए गायकों के मन में कोई आदर नहीं रहा । खाँ साहब अफ़सोस जताते हैं । अब घंटों रियाज़ को कौन पूछता है ? हैरान हैं बिस्मिल्ला खाँ । कहाँ वह कजली, चैती और अदब का ज़माना ?

सचमुच हैरान करती है काशी-पक्का महाल से जैसे मलाई बरफ़ गया, संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराएँ लुप्त हो गईं । एक सच्चे सुर-साधक और सामाजिक की भाँति बिस्मिल्ला खाँ साहब को इन सबकी कमी खलती है । काशी में जिस तरह बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं, उसी तरह मुहर्रम-ताज़िया और होली-अबीर, गुलाल की गंगा-जमुनी संस्कृति भी एक-दूसरे के पूरक रहे हैं ।

(क) संगीत की कौन-सी परंपराएँ बदलते समय के अनुसार विलुप्त हो गईं ?

(ख) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ को एक-दूसरे का पूरक क्यों कहा गया है ?

(ग) 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "भगत की पुत्रवधू और भगत दोनों एक-दूसरे की हित-चिंता में ज़िद्द पर अड़े थे" – पुष्टि कीजिए ।

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर इलाहाबाद के साहित्यिक परिवेश का वर्णन कीजिए ।

(ग) हालदार साहब और कैप्टेन के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) "विद्यार्थी जीवन में योग्य शिक्षक सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं" – 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) "पतनशील सामंती समाज झूठी शान के लिए जीता है" – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !

(क) 'मृतक में जान डालने' और 'पाषाण के पिघलकर जल बनने' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अनिमेष देखने का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि छोटे बच्चे ऐसा क्यों करते हैं ।

(ग) शेफालिका के फूल झरने का क्या तात्पर्य है ? कवि बाँस या बबूल की संज्ञा किसे दे रहा है और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'ऊधो तुम हो अति बड़भागी' – में उद्धव को बड़भागी कहने का क्या तात्पर्य है ? गोपियाँ ख़ुद को उद्धव से कैसे अलग मानती हैं ?

(ख) 'छाया मत छूना' में 'छाया' का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि क्यों कहता है – 'जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन' ।

(ग) 'उत्साह' कविता का शीर्षक सार्थक है – सहमति में तर्क लिखिए ।

(घ) परशुराम का क्रोध अकारण नहीं था, न ही निरर्थक था – क्यों और कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) 'कन्यादान' कविता में बेटी को माँ की अंतिम पूँजी क्यों कहा गया है ? यह भी लिखिए कि माँ उसे क्या सीख दे रही है ।

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'जॉर्ज पंचम की नाक' भारतीय शासन व्यवस्था का सही चित्र खींचता हुआ पाठ है, कैसे ?

(ख) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बाल-मनोविज्ञान पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लायुँग की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए और यह भी बताइए कि यह सुंदरता कैसे बची हुई है ।

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) विद्यालयों की ज़िम्मेदारी – बेहतर नागरिक-बोध

- व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय का स्थान
- राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व
- नागरिक अधिकारों-कर्तव्यों का बोध

(ख) सोशल मीडिया और किशोर

- सोशल मीडिया : तात्पर्य और विभिन्न प्रकार
- किशोरों के आकर्षण-बिंदु
- वर्तमान समय में सोशल मीडिया का प्रचलन और प्रभाव

(ग) यात्राएँ : अनुभव के नए क्षितिज

- यात्रा : क्या, क्यों, कैसे ?
- यात्राओं से अनुभवों की व्यापकता
- यात्राओं का सभ्यता के विकास में योगदान

**12.** आप एक रिश्तेदार को देखने किसी अस्पताल में गए और वहाँ रख-रखाव और सफ़ाई में बहुत सारी कमियाँ दिखीं । ध्यान दिलाने पर कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया । इसकी शिकायत मुख्य-चिकित्सा अधिकारी से करते हुए उचित कार्रवाई करने की माँग करते हुए 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए । *5*

**अथवा**

किसी मुद्दे पर आपका अपने मित्र से मतभेद हो गया है । उसे 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह मित्रता आपके लिए क्या महत्त्व रखती है । *5*

**13.** सर्व शिक्षा अभियान के तहत 'वयस्क साक्षरता मिशन 2020' के लिए एक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आपकी पुरानी साइकिल अब आपके लिए छोटी पड़ रही है । उसे बेचने के लिए कोई आकर्षक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

रोल नं.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *। सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***2*** *से* ***5*** *तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***13*** *तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लाखों वर्षों से मधुमक्खी जिस तरह छत्ता बनाती आई है वैसे ही बनाती है । उसमें फेर-बदल करना उसके लिए संभव नहीं है । छत्ता तो त्रुटिहीन बनता है लेकिन मधुमक्खी अपने अभ्यास के दायरे में आबद्ध रहती है । इस तरह सभी प्राणियों के संबंध में प्रकृति के व्यवहार में साहस का अभाव दिखाई पड़ता है । ऐसा लगता है कि प्रकृति ने उन्हें अपने आँचल में सुरक्षित रखा है, उन्हें विपत्तियों से बचाने के लिए उनकी आंतरिक गतिशीलता को ही प्रकृति ने घटा दिया है ।

लेकिन सृष्टिकर्ता ने मनुष्य की रचना करने में अद्‌भुत साहस का परिचय दिया है । उसने मानव के अंत:करण को बाधाहीन बनाया है । हालाँकि बाह्य रूप से उसे विवस्त्र, निरस्त्र और दुर्बल बनाकर उसके चित्त को स्वच्छंदता प्रदान की है । इस मुक्ति से आनंदित होकर मनुष्य कहता है – "हम असाध्य को संभव बनाएँगे ।" अर्थात् जो सदा से होता आया है और होता रहेगा, हम उससे संतुष्ट नहीं रहेंगे । जो कभी नहीं हुआ, वह हमारे द्वारा होगा । इसीलिए मनुष्य ने अपने इतिहास के प्रथम युग में जब प्रचंडकाय प्राणियों के भीषण नखदंतों का सामना किया तो उसने हिरण की तरह पलायन करना नहीं चाहा, न कछुए की तरह छिपना चाहा । उसने असाध्य लगने वाले कार्य को सिद्ध किया – पत्थरों को काटकर भीषणतर नखदंतों का निर्माण किया । प्राणियों के नखदंत की उन्नति केवल प्राकृतिक कारणों पर निर्भर होती है । लेकिन मनुष्य के ये नखदंत उसकी अपनी सृष्टि क्रिया से निर्मित थे । इसलिए आगे चलकर उसने पत्थरों को छोड़कर लोहे के हथियार बनाए । इससे यह प्रमाणित होता है कि मानवीय अंत:करण संधानशील है । उसके चारों ओर जो कुछ है उस पर ही वह आसक्त नहीं हो जाता । जो उसके हाथ में नहीं है उस पर अधिकार जमाना चाहता है । पत्थर उसके सामने रखा है पर वह उससे संतुष्ट नहीं । लोहा धरती के नीचे है, मानव उसे वहाँ से बाहर निकालता है । पत्थर को घिसकर हथियार बनाना आसान है लेकिन वह लोहे को गलाकर, साँचे में डाल ढालकर, हथौड़े से पीटकर, सब बाधाओं को पार करके, उसे अपने अधीन बनाता है । मनुष्य के अंत:करण का धर्म यही है कि वह परिश्रम से केवल सफलता ही नहीं बल्कि आनंद भी प्राप्त करता है ।

(क) मनुष्येतर प्राणियों की रचना में 'प्रकृति के साहस का अभाव' का क्या आशय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) मनुष्य की भीतरी और बाहरी बनावट किस प्रकार की है ? *2*

(ग) मनुष्य ने लोहे के हथियार पाने के लिए क्या मेहनत की और क्यों ? *2*

(घ) 'असाध्य को संभव' बनाने का क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

(ङ) परिश्रम से क्या प्राप्त होता है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

## खण्ड ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) वे इंदौर से अजमेर आ गए, जहाँ उन्होंने अपने अकेले के बल-बूते अधूरे काम को आगे बढ़ाया । (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

(ख) कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाज़त दे दी गई । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) अगली बार जाने पर भी मूर्ति की आँखों पर चश्मा नहीं था ।

(मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए)

(घ) हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए । (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए)

**3.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तन करके लिखिए : *1×4=4*

(क) अब गायक संगतकारों का आदर नहीं करते । (कर्मवाच्य में)

(ख) इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाई जाती थी । (कर्तृवाच्य में)

(ग) चिड़िया चोट के कारण उड़ नहीं पा रही थी । (भाववाच्य में)

(घ) अब सोया नहीं जाता । (कर्तृवाच्य में)

**4.** निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : *1×4=4*

(क) बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे-चिट्टे आदमी थे ।

(ख) एक पद भगत गाते और सब सुनते ।

(ग) यह सब मैंने केवल सुना ।

(घ) धीरे-धीरे धुँध की चादर थोड़ी छँटी ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

(क) 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए ।

(ख) यशोदा हरि पालने झुलावै ।

हलरावै, दुलरावै, जेहि सेहि कछु गावै ।

उपर्युक्त पंक्तियों में किस रस की निष्पत्ति होती है ? रस का नाम लिखिए ।

(ग) 'शृंगार रस' के दो भेद कौन-से हैं ?

(घ) आलंबन विभाव किसे कहते हैं ?

(ङ) उद्दीपन किसे कहते हैं ?

## खण्ड ग

**6.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

खाँ साहब को बड़ी शिद्दत से कमी खलती है । अब संगतियों के लिए गायकों के मन में कोई आदर नहीं रहा । खाँ साहब अफ़सोस जताते हैं । अब घंटों रियाज़ को कौन पूछता है ? हैरान हैं बिस्मिल्ला खाँ । कहाँ वह कजली, चैती और अदब का ज़माना ?

सचमुच हैरान करती है काशी-पक्का महाल से जैसे मलाई बरफ़ गया, संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराएँ लुप्त हो गईं । एक सच्चे सुर-साधक और सामाजिक की भाँति बिस्मिल्ला खाँ साहब को इन सबकी कमी खलती है । काशी में जिस तरह बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक रहे हैं, उसी तरह मुहर्रम-ताज़िया और होली-अबीर, गुलाल की गंगा-जमुनी संस्कृति भी एक-दूसरे के पूरक रहे हैं ।

(क) संगीत की कौन-सी परंपराएँ बदलते समय के अनुसार विलुप्त हो गईं ?

(ख) बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ को एक-दूसरे का पूरक क्यों कहा गया है ?

(ग) 'गंगा-जमुनी संस्कृति' से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) "भगत की पुत्रवधू और भगत दोनों एक-दूसरे की हित-चिंता में ज़िद्द पर अड़े थे" – पुष्टि कीजिए ।

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर इलाहाबाद के साहित्यिक परिवेश का वर्णन कीजिए ।

(ग) हालदार साहब और कैप्टेन के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) "विद्यार्थी जीवन में योग्य शिक्षक सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं" – 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) "पतनशील सामंती समाज झूठी शान के लिए जीता है" – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !

(क) 'मृतक में जान डालने' और 'पाषाण के पिघलकर जल बनने' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अनिमेष देखने का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि छोटे बच्चे ऐसा क्यों करते हैं ।

(ग) शेफालिका के फूल झरने का क्या तात्पर्य है ? कवि बाँस या बबूल की संज्ञा किसे दे रहा है और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) गोपियों के मन की व्यथा क्या है ? वह मन में ही क्यों रह गई ?

(ख) 'संगतकार' मुख्य गायक को किस प्रकार सँभालता है ? वह गायक को किसकी याद दिलाता है ?

(ग) 'कन्यादान' कविता पढ़कर किन सामाजिक कुरीतियों की ओर आपका ध्यान गया है ? वे कविता से कैसे जुड़ती हैं ?

(घ) 'दुविधा-हत साहस है' में 'दुविधा' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि दुविधा में डूबे व्यक्ति की क्या दशा होती है ।

(ङ) लक्ष्मण ने 'कुम्हड़ बतिया' का दृष्टांत क्यों दिया है ? इसके द्वारा वे मुनि और सभा को क्या संदेश देना चाहते हैं ?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'माता का अँचल' किसी और युग की कोई कहानी प्रतीत होती है – अपने वर्तमान से उसकी तुलना करते हुए इसके पक्ष या विपक्ष में अपनी राय लिखिए ।

(ख) " 'कटाओ' की सुंदरता इसलिए भी बची हुई थी कि वह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल नहीं था और वहाँ पर दुकानों का न होना वरदान समान था" – इस पर अपने विचार लिखिए ।

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' हमारे देश में चली आ रही औपनिवेशिक गुलामी की मानसिकता का यथार्थ चित्रण है, कैसे ?

## खण्ड घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 – 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) विद्यालयों की ज़िम्मेदारी – बेहतर नागरिक-बोध

- व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय का स्थान
- राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व
- नागरिक अधिकारों-कर्तव्यों का बोध

(ख) सोशल मीडिया और किशोर

- सोशल मीडिया : तात्पर्य और विभिन्न प्रकार
- किशोरों के आकर्षण-बिंदु
- वर्तमान समय में सोशल मीडिया का प्रचलन और प्रभाव

(ग) यात्राएँ : अनुभव के नए क्षितिज

- यात्रा : क्या, क्यों, कैसे ?
- यात्राओं से अनुभवों की व्यापकता
- यात्राओं का सभ्यता के विकास में योगदान

**12.** आप एक रिश्तेदार को देखने किसी अस्पताल में गए और वहाँ रख-रखाव और सफ़ाई में बहुत सारी कमियाँ दिखीं । ध्यान दिलाने पर कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार किया । इसकी शिकायत मुख्य-चिकित्सा अधिकारी से करते हुए उचित कार्रवाई करने की माँग करते हुए 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए । *5*

**अथवा**

किसी मुद्दे पर आपका अपने मित्र से मतभेद हो गया है । उसे 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए बताइए कि यह मित्रता आपके लिए क्या महत्त्व रखती है । *5*

**13.** सर्व शिक्षा अभियान के तहत 'वयस्क साक्षरता मिशन 2020' के लिए एक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आपकी पुरानी साइकिल अब आपके लिए छोटी पड़ रही है । उसे बेचने के लिए कोई आकर्षक विज्ञापन 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । *5*